52 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in | यह मुज़फ़्फ़रनगर है...

न्यूनतम 26.0°c | अधिकतम 32.0 °c

मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय : 5:40 सूर्यास्त : 7:09 | वर्ष : 52/ अंक : 214 | शनिवार, 03 अगस्त 2024 | श्रावण, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी | सम्वत् 2081 | मूल्य 3 रुपये | पृष्ठ-4

अमृतवाणी

अगर नियत अच्छी हो तो नसीब कभी बुरा नहीं होता।

मेरे खिलाफ ईडी-सीबीआई की छापेमारी की तैयारी चल रही है : राहुल गांधी

फिर आपकी क्या-क्या तैयारी है?.....

गांधी कॉलोनी में शोहदों का आतंक, सरेआम छात्रा को गोली मारने की धमकी

- सफेद ढाटा बांधकर आये तीन शरारती युवकों को घेरा गया तो आरोपी बाइक छोड़कर भागे
- छात्रा को धमकाते हुए आरोपियों का वीडियो हुआ वायरल, लोगों में पनपा गहरा आक्रोश

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। शहर के पॉश इलाके गांधी कालोनी में शोहदों का आतंक बढ़ता जा रहा है। शुक्रवार को ट्यूशन पढ़ने गई हाईस्कूल की छात्रा और उसकी सहेली को सरेआम रोककर बाइक सवार तीन शोहदों ने गाली गलौच करते हुए गोली मारने की धमकी दी। इन शोहदों की यह हरकत सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। बाद में मुंह पर ढाटा बांधे घूम रहे इन शरारती युवकों को लोगों ने घेर लिया, तो हाथापाई करते हुए तीनों आरोपी बाइक को छोड़कर फरार फर्र हो गये। छात्रा को धमकाने का वीडियो वायरल हुआ तो लोगों में इन शोहदों के खिलाफ गहरा आक्रोश पनपने लगा। पुलिस बरामद हुई बाइक के आधार पर आरोपियों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

नई मंडी क्षेत्र के गांधी कालोनी में कई कोचिंग सेंटर संचालित हो रहे हैं। शाम के समय शहर के कई हिस्सों से छात्र एवं छात्राएं वहां पर कोचिंग के लिए जाते हैं। शहर में हाईस्कूल में पढ़ने वाली एक छात्रा अपनी सहेली की स्कूटी पर रोजमर्रा ट्यूशन पढ़ने गांधी कालोनी जाती है। शुक्रवार को कोचिंग सेंटर के पास सफेद रंग के कपड़े का ढाटा चेहरे पर बांधे हुए तीन बाइक सवार युवकों ने आगे आकर उनकी स्कूटी को रोक लिया। इन युवकों का कहना था कि एक छात्रा ने उनको गाली दी है। हालांकि दोनों छात्राओं ने इस बात से इंकार किया। मगर वो उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे। एक युवक ने गाली गलौच करते हुए छात्राओं को गोली मारने की धमकी देते हुए आतंकित भी किया। आरोपी ने जब अपने साथी से तमंचा देने के लिए कहा तो दोनों छात्राएं घबरा गई। छात्राओं ने हाथ जोड़ते हुए किसी भी गलती के लिए माफ करने के लिए कहा। तब जाकर ये शरारती युवक बाइक स्टार्ट कर वहां से चले गये। जाते समय छात्रा ने मोबाइल फोन से उनकी बाइक की वीडियो भी बना ली। साथ ही यह सारी घटना वहां लगे एक सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई। पीड़ित छात्रा ने तत्काल अपने पिता को फोन कर पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। यह पता चलते ही छात्रा के पिता और भाई तत्काल गांधी कालोनी पहुंचे और सभासद अमित पटपटिया को पूरे मामले की जानकारी दी। इसी दौरान तीनों युवक फिर घटना स्थल के आसपास ही आ गये। पिता ने इसका विरोध किया तो तीनों युवक टशन में बदतमीजी पर उतारू हो गये। शोर मचा तो आसपास के लोग भी आ गये। तीनों युवक हाथापाई करते हुए एक एक कर वहां से फरार हो गये। भीड़ एकत्र हो जाने के कारण आरोपी अपनी बाइक को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गये। सूचना पर गांधी कालोनी चौकी पुलिस भी मौके पर आ गई। पुलिस ने बाइक को कब्जे में लेकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। इसी बीच मुंह पर ढाटा बांधे हुए इन तीनों युवकों की छात्राओं को रोककर धमकाने की वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। सभासद अमित पटपटिया ने कहा कि ये गंभीर मामला है। पुलिस को ट्यूशन के समय अतिरिक्त सतर्कता बरतनी चाहिए ताकि इस तरह के शरारती तत्वों पर शिकंजा कसा जा सके। नई मंडी इंस्पेक्टर बबलू सिंह वर्मा का कहना है कि छात्राओं को आतंकित करने के मामले में बाइक को जब्त कर लिया गया है, जबकि आरोपियों के बारे में पता लगाया जा रहा है, जल्द ही उन्हें भी गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने बताया कि दो आरोपियों को पकड़ लिया गया है, फरार एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की टीम का गठन किया गया है।

देर रात पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया

केदारनाथ में मुजफ्फरनगर के दो दर्जन लोग फंसे

- बादल फटने के बाद भयावह नजारे ने कंपा दिया
- अंकित विहार व बचन सिंह कॉलोनी के चार लोग वापस लौटे

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। केदारनाथ में बादल फटने की घटना के बाद मुजफ्फरनगर के करीब दो दर्जन लोग इस आपदा के समय केदारनाथ और आसपास के इलाकों में थे। इनमें कुछ लोग लौट कर आ रहे हैं। कुछ लोग अभी भी फंसे हुए हैं। लौट कर आए लोगों ने वहां का मंजर बयान करते हुए बताया कि वे बादल फटने वाली जगह से काफी दूर थे, लेकिन एक दम धमाके की आवाज के साथ बादल फटने के बाद सैलाब आ गया और बड़े पत्थर पानी के साथ बहकर सड़क पर आने लगे तो वहां से लोग भागने लगे। इनमें काफी लोग बीच रास्ते में से ही लौटकर सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। हालांकि कई लोग इस सैलाब की चपेट में भी आ गए। उनके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राकेश शर्मा के भाई देवेंद्र शर्मा तथा अंकित विहार व बचन सिंह कॉलोनी इलाके के कई लोग इस दौरान साथ चल रहे थे। देवेंद्र शर्मा ने बताया कि सैलाब आने के बाद भयानक मंजर था और भगदड़ जैसे हालात थे। ऐसे में वे और उनके साथी वहां से जान बचाकर वापस भागे। सैलाब के साथ पहाड़ खिसकने से भारी पत्थर भी पानी के साथ बहते नजर आए। उन्होंने भोलेनाथ का शुक्र मनाते हुए कहा कि वे सकुशल हैं। जैसे तैसे सड़क मार्ग से वे आज ऋषिकेश पहुंच गए और वहां से वे देर रात मुजफ्फरनगर वापस लौट रहे हैं। देवेंद्र शर्मा ने बताया कि उनके साथ अंकित विहार और बचन सिंह कॉलोनी के चार लोग और थे। इनमें जोगेंद्र, निक्की रमेश चंद्र शामिल हैं। सभी सुरक्षित हैं। उनके पीछे केदारनाथ जाने के लिए निकले सात्विक शर्मा ने कहा कि वे ऋषिकेश पहुंच चुके थे, लेकिन बाद में ऊपर हालात बिगड़ने की खबर मिलने के बाद प्रशासन ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया और वे वहीं से वापस लौट आए।

सोते समय सांप ने किशोर के कान पर काटा, अस्पताल में हुई मौत

चरथावल के गांव नगला राई में हुई अनहोनी, परिवार में मचा है कोहराम

चरथावल, 02 अगस्त (बु.)। गांव नगला राई में शुक्रवार तड़के घर में सो रहे एक किशोर को सांप ने डस लिया। गंभीर हालत में किशोर को परिजन जिला अस्पताल लेकर गये जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। गमगीन माहौल में मृतक के जनाजे को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

चरथावल थाना क्षेत्र के गांव नगला राई निवासी गय्यूर का 16 वर्षीय पुत्र फिरोज रात्रि में घर में बेड पर सो रहा था। शुक्रवार की सुबह तीन बजे सोते समय किशोर को उसके कान पर अचानक किसी कीट के काटने का अहसास हुआ। किशोर ने तुरंत कान को हाथ से झटका तो उसको बेड के पास से सांप जाता हुआ दिखाई दिया। सांप को देखकर किशोर की चीख निकल गयी। चीख-पुकार सुनकर परिजन दौड़े। परिजनों ने भी बेड के नीचे सांप को भागते देखा तो परिजनों में हडकंप मच गया। किशोर की हालत बिगड़ने पर परिजन किशोर को उपचार हेतु जिला अस्पताल ले गये। जहां उपचार के दौरान किशोर की मौत हो गई । ग्रामीणों ने बताया कि किशोर के परिजन उसे झाड-फूंक करने वाले के यहां भी ले गये थे। ग्रामीणों ने बताया कि सांप किशोर के काटने के बाद दरवाजे के निकट बने सुराग में घुस गया, जो काफी मशक्कत के बाद भी उसका कहीं सुराग नहीं लगा। किशोर की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने गमगीन माहौल में शव को सुपुर्दे खाक कर दिया गया।

हादसे में घायल कांवड़िए की उपचार के दौरान मौत

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। हरियाणा के एक कांवड़िए की दिल्ली के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। यह कांवड़िया हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए शहर से गुजरा था, उसी समय हुए हादसे में घायल हो गया था। इसके बाद उसे दिल्ली रैफर किया गया था।

शहर कोतवाली में शुक्रवार को तहरीर देते हुए सोनीपत के गन्नौर निवासी सुनील कुमार ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथियों के साथ 17 जुलाई को हरिद्वार गंगाजल लेने जा रहे थे। कुछ साथी मैक्स पिकअप में सवार थे, जबकि कुछ साथी बाइक पर सवार होकर जा रहे थे। शहर कोतवाली क्षेत्र में शामली रोड पर उसके साथी विजय उर्फ नीरज निवासी सिरसमी थाना गन्नौर व सचिन की बाइक में दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसें में दोनों घायल हो गए। गंभीर हालत में विजय को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान गुरूवार को उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

शिवचौक पर महाआरती में उमड़ा जन सैलाब, गूंजे जयकारे

- डीएम-एसएसपी व चेयरपर्सन ने संयुक्त रूप से की आरती
- दोपहर में नगर मजिस्ट्रेट व सीओ सिटी ने की पूजा-अर्चना
- सुरक्षा कारणों से एटीएस समेत भारी पुलिस बल रहा तैनात

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। बोल-बम, बम-बम और हर-हर महादेव के जयघोषों के बीच में नगर के हृदय स्थल शिव चौक पर दिनभर आस्था एवं भक्ति का सैलाब बहता रहा। श्री शिव मूर्ति संचालन मंडल की ओर से इस बीच शिवचौक पर आयोजित की गई महाआरती में बतौर मुख्य अतिथि डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, एसएसपी अभिषेक सिंह, नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भाजपा गौरव स्वरूप समेत नगर के संभ्रांत नागरिक व संचालन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान महाआरती में पधारे अतिथियों को समिति की ओर से पटका पहनाकर स्वागत किया गया।

नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर संपन्न महाआरती कार्यक्रम में श्री शिव मूर्ति संचालन मंडल की ओर से जलाभिषेक करने के साथ पूजा अर्चना को लेकर इस दौरान तमाम पदाधिकारियों के साथ पुलिस व प्रशासन के तमाम अधिकारी-कर्मचारी पूरे दिन इस बीच व्यवस्था बनाने में सक्रिय रहे। देर सायं शिवचौक पर संपन्न महाआरती कार्यक्रम में डीएम अरविन्द मल्लप्पा बंगारी, एसएसपी अभिषेक सिंह, श्री शिव मूर्ति संचालन समिति के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, भीम कंसल, शिव चरण गर्ग, मनमोहन जैन, नरेश संगल, रघुराज गर्ग, संजय मित्तल, सुशील गोयल, दीपक मित्तल, वरिष्ठ अधिवक्ता सुखदेव मित्तल, अनिल अग्रवाल, सचिन जैन, वैभव गोयल, अनिल गर्ग, लक्ष्मी नारायण शर्मा, ब्रज कुंवर गर्ग, सचिन गर्ग, मुदित जैन, मनीष गर्ग, राजेन्द्र अग्रवाल, अंशुल भूषण व परीक्षित मित्तल, कन्हैया शर्मा के अलावा वार्ड सभासद राजीव शर्मा, मनोज वर्मा, पूर्व सभासद बिजेनद्र पाल, शोभित गुप्ता, सुनील तायल समेत बड़ी संख्या में नगर की जनता व जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। इससे पूर्व शुक्रवार दोपहर को नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर संपन्न हुई महाआरती में बाबा आशुतोष की पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं ने आरती में भाग लिया। शिवचौक पर संपन्न आरती में नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप व सिटी मजिस्ट्रेट व्योम बिंदल ने संयुक्त रूप से भाग लेते हुए बाबा की पूजा-अर्चना करते हुए कांवड़ यात्रा मेले के निर्विघ्न संपन्न होने पर बाबा का आभार भी जताया। नगर के शिव चौक पर इस दौरान श्री शिव मूर्ति संचालन मंडल के अध्यक्ष शंकर स्वरूप बंसल, उद्यमी भीम कंसल, रजत गोयल समेत बड़ी संख्या में शिवभक्तों के साथ कांवड़ियां और श्रद्धालु भी मौजूद रहे।

बाइक की टक्कर से कांवड़िए की मौत

छपार, 02 अगस्त (बु.)। दिल्ली दून हाईवे पर हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य की और बढ़ रहे शिवभक्त कांवडिए को बाइक सवार ने जोरदार टक्कर मार दी। दुघर्टना के बाद गंभीर घायल हुए कांवडिए को पुलिस ने जिला चिकित्सालय रेफर किया गया। जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गुरूवार की रात्रि लगभग डेढ़ बजे 37 वर्षीय सुरेन्द्र पुत्र सुखबीर निवासी कस्बा बल्लभगढ़ जनपद फरीदाबाद हरियाणा हरिद्वार से गंगा जल लेकर वापिस जा रहा था। जब वह थाना क्षेत्र के छपार टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो बाइक सवार दूसरे कांवडिए की बाइक ने उसे टक्कर मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायल हुए कांवडिए को जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां पर घायल कांवडिए की मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्मार्टम को भेज दिया तथा आरोपी बाइक सवार दूसरा कांवड़िया फरार हो गया।

डिलीवरी के दौरान नवजात शिशु की मौत पर हंगामा

बुढ़ाना, 02 अगस्त (बु.)। कस्बे के कांधला रोड पर स्थित एक क्लीनिक में अर्धरात्रि में खूब जमकर हंगामा हुआ। झोला छाप का ठप्पा लगी एक महिला डाक्टर की लापरवाही से डिलीवरी के लिए आई गर्भवती महिला के नवजात शिशु की दम घुटने से मौत हो गयी। तब मौके पर पहुंची पुलिस ने मामला संभाला। उधर महिला डाक्टर भी अंधेरे और कांवड़ियों के सैलाब का फायदा उठाकर फरार हो गयी। मिली जानकारी के अनुसार कस्बे के कांधला रोड पर एक क्लीनिक है। इसमें एक महिला डाक्टर कुछ दिन पहले से ही बैठने लगी। शुक्रवार को दिन निकलने से पहले ही अर्धरात्रि में करीब 12 बजे रियावली गांव की गर्भवती कौसर जहां पत्नी वारस अली को प्रसव पीड़ा हो जाने पर भर्ती कराया गया। 2 बजे के करीब महिला डाक्टर की लापरवाही से डिलीवरी के चलते बच्चे की दम घुटने से मौत हो गयी और महिला बेहोश हो गयी। यह घटना कांवड़ यात्रा मार्ग पर हुई तो कांवड़ियों के सैलाब व अंधेरा होने के कारण महिला डॉक्टर मौका पाकर फरार हो गयी तो महिला के साथ आए उसके ससुरालियों और अन्य ग्रामीणों ने हंगामा कर दिया। हंगामे की सूचना पर कांवड़ यात्रा के चलते गश्त कर रहे बुढ़ाना कस्बा इंचार्ज ललित कुमार कसाना मौके पर आए और ग्रामीणों को समझा बुझाकर शांत किया।

बोल-बम, बम-बम जयघोष के बीच मनाया शिवरात्रि पर्व

- शिवचौक पर घंटों के इंतजार के बाद किया जलाभिषेक
- नगर के अधिकांश मंदिरों पर दिनभर रही भक्तों की भीड़

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। ओ3म नमः शिवाय और बोल-बम, बम-बम के जयघोष के बीच शुक्रवार को हाइवे से नगर मुख्यालय, गांव-देहात और विभिन्न कस्बों में स्थित शिवालयों में श्रद्धा व आस्था के बीच बाबा आशुतोष की पूजा-अर्चना के साथ ही भक्ति का सैलाब दिनभर उमड़ा रहा। इस दौरान हर कोई सिर्फ अपने आराध्य देव भोलेनाथ को जलाभिषेक करने व उनकी कृपा पाने की खातिर आतुर लक्ष्य की ओर अग्रसर दिखाई दिया। इस बीच नगर मुख्यालय पर शिवचौक समेत अन्य शिवालयों व मंदिरों में इस बीच पुलिस की निगरानी में बाबा आशुतोष को जलाभिषेक करने को अलसुबह से ही भक्तों की भारी भीड़ दिखाई दी। इस बीच जहां शिवचौक पर एटीएस के जवानों के साथ में भारी पुलिस बल व शिवमूर्ति संचालन मंडल द्वारा की व्यवस्था में पहुंचे श्रद्धालुओं ने बाबा शिव को जलाभिषेक किया, वहीं दूसरी ओर नगर के अन्य शिवालयों व मंदिरों में शिवलिंग पर पंचामृत, भांग-धतूरे, फल-फूल व अन्य पूजा सामग्री के साथ बाबा शिव का पूजन-अर्चन के साथ भक्तों द्वारा रूद्राभिषेक कराने का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। वहीं जनपद के अन्य पौराणिक मंदिरों में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का जलाभिषेक करने को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते मंदिरों के व्यवस्थापकों के पसीने छूटे रहे। सुरक्षा कारणों से इस बीच में मंदिरों के बाहर पुलिस का कड़ा पहरा रहा।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश ही नहीं अपितु समूचे उत्तर भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शुमार श्रावण माह में कांवड़ यात्रा मेला शिवरात्रि के जलाभिषेक के साथ रूद्राभिषेक के साथ में विधिवत संपन्न हो गया। इस बीच कांवड़ यात्रा मेले को जनपद में निर्विघ्न संपन्न कराने में प्रशासन सफल रहा। श्रावण माह की शिवरात्रि पर देवभूमि हरिद्वार समेत अन्य उत्तराखंड के तीर्थों से जनपद की सीमा से होकर गुजरे कांवड़ियों के जनसैलाव के शांतिपूर्ण गुजरने के बाद जहां प्रशासन ने राहत की सांस ली, वहीं आमजन ने राहत की सांस ली। नगर के हृदय स्थल शिवचौक पर शुक्रवार को त्रयोदशी-चतुर्दशी के बाबा को जलाभिषेक करने की खातिर पूरे दिन पूजा-अर्चना का क्रम दोपहर बाद तक जारी रहा। इस दौरान भगवान शिव का जलाभिषेक करने को शिवचौक समेत अन्य शिवालयों व मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। शिवचौक पर इस बीच बाबा भोलेनाथ को जलाभिषेक के लिए भक्तों की लंबी कतार घंटों तक दिखाई दी। इस बीच व्यवस्था बनाने में जिला पुलिस व प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी ड्यूटी पर अलर्ट मोड़ पर रहे। शिवचौक के अलावा इस बीच नगर में जलाभिषेक को गांधी कालोनी स्थित श्री अनंतेश्वर महादेव मंदिर, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री शिव शक्ति शनि मंदिर सुभाषनगर, श्रीसंकट हरनी मंदिर, श्री गणपतिधाम में स्थित हरिहर महादेव मंदिर, श्री बालाजी धाम मंदिर व श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर पटेलनगर समेत अन्य तमाम मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं ने भगवान शिव का दुग्ध, दही, शहद, घी, शकरा और पंचामृत के साथ पतित पावनी मां गंगा के लाए गंगाजल से अभिषेक किया। श्रद्धालुओं ने बाबा के शिवलिंग पर गंगाजल चढ़ाने के साथ घर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके अलावा रेलवे स्टेशन स्थित श्री पीपलेश्वर महादेव मंदिर समेत मौ. ब्रह्मपुरी, इन्द्रा कालोनी, आर्यपुरी, साकेत, आनन्दपुरी, केशवपुरी, रामपुरी, सुभाषनगर, प्रेमपुरी, कृष्णापुरी, नुमाईश कैंप, गांधी कालोनी समेत अन्य मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ शिवलिंग पर जलाभिषेक करने को लाइनों में घंटों तक लगी रही। उधर, जिले के तीन बड़े प्राचीन शिव मंदिरों में शामिल संभलेहड़ा स्थित पंचमुखी महादेव मंदिर, ग्राम शेरनगर के स्वयंभू शिवलिंग के अलावा बुढ़ाना रोड पर स्थित गांव सांझक के प्राचीन शिव मंदिर में श्रद्धालुओं ने पहुंच पंचामृत से जलाभिषेक करते हुए घर परिवार की सुख समृद्धि की कामना की।

कांवड़ मार्ग पर फर्नीचर कारखाने में लगी आग से अफरा-तफरी

- आधी रात को शॉर्ट सर्किट के कारण लगी आग से लाखों रुपये का माल जलकर हुआ खराब
- भगत सिंह रोड पर डाक कांवड़ियों की बाइक में अचानक लगी आग, फायर ब्रिगेड ने बुझाई

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। शहर के कांवड़ मार्ग पर स्थित फर्नीचर के एक कारखाने में गुरूवार देर रात आग लग जाने से अफरा-तफरी का आलम बन गया। फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने के लिए घंटों मशक्कत करनी पड़ी। इस अग्निकांड में लाखों रुपये का नुकसान होने की आशंका जताई गई है। दूसरी ओर हरिद्वार गंगाजल लेने के लिए जा रहे डाक कांवड़ियों की बाइक में अचानक आग लग गई और कुछ ही मिनट में पूरी बाइक जलकर नष्ट हो गई।

थाना सिविल लाइन क्षेत्र के कांवड़ मार्ग कच्ची सड़क पर मदीना चौक के पास महमूदनगर निवासी इस्लाम का फर्नीचर तैयार करने का कारखाना है। गुरूवारकी आधी रात अचानक ही कारखाने में आग लग गई और कुछ ही देर में इस आग ने भयंकर रूप अख्तियार कर लिया। आग की लपटें देखकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ देर में ही फायर ब्रिगेड भी सूचना पर मौके पर पहुंची। सीएफओ अनुराग कुमार अपनी टीम के साथ दो गाड़ी लेकर मौके पर पहुंचे। आग पर काबू पाने के लिए क्षेत्र की लाइट को भी बंद कराया गया। सूचना मिलने पर इस्लाम भी अपने कारखाना पर पहुंच गया। सीएफओ अनुराग ने बताया कि लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। घटना के समय कांवड़ मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या अधिक नहीं थी। आग का कारण शार्ट सर्किट माना जा रहा है। आग से लाखों रुपए का नुकसान होना बताया गया है। दूसरी ओर शहर कोतवाली क्षेत्र के भगत सिंह रोड पर देर रात सर्राफा बाजार के पास हरियाणा से हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों की एक बाइक में अचानक आग लग गई। आग ने चंद मिनटों में विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने आग को तत्काल बुझा दिया।

आज से खुलेंगे स्कूल कॉलेज और कचहरी

शहर में गलियों पर की बैरिकेटिंग हटाई, हाईवे पर भी यातायात प्रतिबंध हटे

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। करीब एक पखवाड़े से अधिक समय से कांवड़ यात्रा के चलते अस्त व्यस्त हुई शहर की यातायात व्यवस्था भी ढर्रे पर आने लगी है। शहर के मेरठ रोड और रुड़की रोड तथा कच्ची सड़क की गलियों पर अधिकांश बैरिकेटिंग आज हटा ली गईं और बाकी बैरिकेटिंग भी रात में हटा ली जाएंगी। इसके साथ ही हाईवे पर भी रात बारह बजे वाहनों के आवागमन का सिलसिला बहाल हो रहा है। ऐसे में शनिवार से यातायात की स्थिति सामान्य हो जाएगी। इसके साथ ही तमाम स्कूल कॉलेजों में शिक्षण कार्य के साथ कचहरी में कामकाज शनिवार से सामान्य हो जाएगा।

करीब एक पखवाड़े से अधिक समय से कांवड़ यात्रा के चलते जहां हाईवे पर तमाम यातायात प्रतिबंध लागू थे और कांवड़ पटरी मार्ग पर भी वाहनों का आवागमन बाधित रहा, वहीं शहर में भी तमाम व्यवस्थाएं इसके चलते छिन्न भिन्न हो गई थीं। शहर में पहले चरण में मुख्य कांवड़ मार्ग पर कच्ची सड़क, रुड़की रोड और मेरठ रोड पर यातायात प्रतिबंध लागू किए गए थे। इसके बाद विगत एक सप्ताह से तो शहर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग पर निकलने वाली तमाम गलियों पर बैरिकेटिंग लगाकर इनसे आवागमन बंद कर दिया गया था। ऐसे में तमाम लोगों के लिए शहर में इस ओर से उस ओर जाने के लिए सिर्फ दो रास्ते बचे थे। इनमें एक रास्ता मीनाक्षी चौक से होते हुए खालापार की और जा रहा था। इसके अलावा अहिल्याबाई चौक से लद्दावाला के रास्ते से दूसरा मार्ग खोला हुआ था। कच्ची सड़क से लेकर सूजडू चुंगी तक शिवचौक समेत तमाम गलियों के मुख्य मार्ग की ओर आने वाले रास्ते बंद कर दिए गए थे।

उत्तराखण्ड में बादल फटने के बाद तबाही में 16 की मौत

देहरादून, 2 अगस्त (एजेंसी)। उत्तराखंड में बादल फटने और भूस्खलन से आई तबाही में अब तक 16 लोगों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों के अनुसार केदार घाटी से अब तक लगभग 4000 लोगों को रेस्क्यू कर लिया गया है, जबकि 1000 के करीब लोग अब भी केदार घाटी में फंसे हुए है। इन्हें सुरक्षित निकालने के लिए सेना के चिनूक और एमआई 17वी5 चॉपर की मदद ली जा रही है। कई लोगों के अभी भी लापता होने की खबरें हैं। भारी बारिश से पैदा हुए गंभीर हालात में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक बार फिर ग्राउंड जीरो पर नजर आए। अतिवृष्टि से प्रभावित लोगों और केदारनाथ धाम का मार्ग अवरुद्ध हो जाने के कारण फंसे श्रद्धालुओं के बीच जब मुख्यमंत्री पहुंचे तो वे सुकून महसूस करते दिखे।

हिमाचल प्रदेश में 455 सड़कें बंद, पीडब्ल्यूडी कर्मियों की छुट्टियां रद्द

शिमला, 02 अगस्त (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश में प्राकृतिक आपदा ने फिर मंडी, चंबा, शिमला और कुल्लू में भारी तबाही मचाई है। नेशनल हाईवे समेत 455 सड़कें यातायात के लिए बाधित हैं। सड़कें बहाल करने के लिए लोक निर्माण विभाग ने कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी हैं। चीफ इंजीनियर से लेकर जूनियर इंजीनियर फील्ड में तैनात किए गए हैं। लोक निर्माण विभाग के 13,000 कर्मचारियों को सड़कें बहाल करने में लगाया गया है। लोगों की जानकारी के लिए चारों जोन में कंट्रोल रूम स्थापित किए गए हैं। इसमें सड़कों और पुलों के नुकसान की रिपोर्ट ली जा रही है। हिमाचल में सड़कें बंद की जानकारी कंट्रोल रूम में देने के कहा है। इसके बाद कर्मचारियों को मशीनरियों के साथ मौके पर भेजा जा रहा है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली, 02 अगस्त (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 03 अगस्त की महत्वपूर्ण घटनाएं निम्न हैं:- 1108: लुई षष्ठम फ्रांस का सम्राट बना। 1492: यूरोपीय देश स्पेन से सभी यहूदियों को बाहर निकाला गया। 1492: इटली का नाविक क्रिस्टोफर कोलंबस तीन पोत के साथ भारत की खोज के लिए रवाना हुआ। 1678: राबर्ट लासैले ने अमेरिका में पहले जहाज का निर्माण किया। 1780: मेहर पोफम के तहत कैप्टन ब्रूस ने ग्वालियर पर कब्जा किया। 1886: हिंदी के विद्वान मैथिली शरण गुप्त का जन्म। 1900: फर्स्ट वन टायर एंड रबर कंपनी की स्थापना। 1914: पहला समुद्री जहाज पनामा नहर से गुजरा। 1925: अमेरिका की अंतिम सैन्य टुकड़ी ने निकारागुआ छोड़ा। 1957: अब्दुल रहमान को मलेशिया का नया नेता चुन लिया गया। उनके नेतृत्व में ब्रिटेन से मलेशिया को आजादी मिली थी। 1960: पश्चिम अफ्रीकी देश नाइजर ने फ्रांस से स्वतंत्रता हासिल की। 1985: बाबा आम्टे को जनसेवा के लिए रेमन मैगसेसे पुरस्कार प्रदान किया गया। 1998: मुंबई के बांद्रा में इमारत ढहने से 35 लोगों की मौत हुयी। 2003: अमेरिका के एंग्लिकन चर्च में एक समलैंगिक को बिशप बनाने का फैसला किया गया। न्यू हैम्पशायर के जेन रॉबिंसन को एपिस्कोपल चर्च के हाउस ऑफ डेपुटीज ने भारी बहुमत से बिशप बनाया। 2004: अमेरिकी अंतरिक्ष यान मैसेंजर बुध ग्रह के लिए रवाना। 2007: इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुआ रूसी अंतरिक्ष यान प्रोग्रेस एम-61 सफलतापूर्वक अपनी कक्षा में पहुँचा। 2007: लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में एक ट्रेन दुर्घटना में 100 लोगों की मृत्यु। 2013: इराक में विद्रोह में 80 लोग मारे गए। 2016: पुष्पकमल नेपाल के 33वें प्रधानमंत्री बने।

सर्राफा बाजार

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त, (बु.)। मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

सोना-	72500	चांदी-	85500
सिक्का-	96000	गिन्नी-	54130

आपका आज का राशिफल

शनिवार, 03 अगस्त, 2024

मेष- आज दिन 5/42 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, स्वयं का निर्णय हितकर, यश में वृद्धि, शेष समय अशुभ, प्रगति में अवरोध, वैवाहिक अड़चनें, अकेलेपन की अनुभूति।

वृषभ- उन्नति का मार्ग प्रशस्त, कर्ज की निवृत्ति, जीवनसाथी से सामंजस्य, दूर या समीप की यात्रा का प्रसंग, पारिवारिक कठिनाइयों में कमी, वरिष्ठद्जनों से सम्पर्क।

मिथुन- पराक्रम में वृद्धि, परिस्थितियाँ अनुकूल, सम्पत्ति विषयक मसला हल, सुसंदेश की प्राप्ति, सदद्विचारों का उदय, आनन्द की अनुभूति, राजकीय लाभ।

कर्क- आज दिन 5/42 बजे तक कार्यों में गतिरोध, समस्याएँ प्रभावी, मानसिक तनाव, यात्रा सुखद, शेष समय उन्नतिकारक, प्रेम संबंधों में प्रगाढ़ता, भोग-विलास में रुझान।

सिंह- आज दिन 5/42 बजे तक आर्थिक प्रगति, श्रेष्ठद्जनों से सम्पर्क, मान-सम्मान में वृद्धि, शेष समय में जोखिम से नुकसान, पारिवारिक उलझनें, विवाद की आशंका।

कन्या- कार्य-व्यवसाय अर्थ पक्ष में उन्नति, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय, जीवनसाथी से सानिध्य, आपसी संबंधों में मधुरता, आनन्द की अनुभूति।

तुला- अधूरे कार्यों की पूर्ति, पूँजी का प्रतिफल, आशानुकूल घटना घटित, स्वयं का निर्णय लाभप्रद, पठन-पाठन में रुचि, मानसिक राहत, हर्षोल्लास का वातावरण, यात्रा।

वृश्चिक- आज दिन 5/42 बजे तक समय आशा के विपरीत, स्वजनों से विवाद, संबंधों में कटुता, शेष समय शुभफलदायी, महत्वपूर्ण उपलब्धि, मंगलकृत्य सम्पन्न, वाहन सुख।

धनु- आज दिन 5/42 बजे तक दिनचर्या व्यवस्थित, विचारित कार्यों में उन्नति, नवसम्पर्क का सुयोग, शेष समय कष्टद्कर, प्रेम संबंधों में कटुता, आर्थिक हानि।

मकर- दिनमान अनुकूल, आपसी संबंधों में अत्यधिक प्रगाढ़ता, धन संचय में रुचि, राजनैतिक क्रियाकलापों में अभिरुचि, विवादास्पद मसला सुलझने की ओर।

कुम्भ- भाग्योन्नति के नवीन आयाम सुलभ, योजना की पूर्ति हेतु प्रयत्नशील, पारिवारिक खुशी, सामाजिक प्रतिष्ठद्दा में वृद्धि, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

मीन- आज दिन 5/42 बजे तक व्यावसायिक हानि, सहयोगियों से असहयोग, प्रियजनों से मतभेद, समय बेहतर, विनियोजित धन का प्रतिफल प्राप्त, प्रसन्नता भी।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722

संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत्र स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

हजारों शिवभक्तों की भीड़ ने सम्भलहेड़ा में जल चढ़ाया

सुबह 4 बजे से ही शिवभक्तों की भारी भीड़ मंदिर पहुँच गई थी, हर हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा पंचमुखी महादेव मंदिर

मीरापुर, 02 अगस्त (बु.)। श्रावण मास की शिवरात्रि पर हरिद्वार,गौमुख व गंगोत्री से गंगाजल लेकर आए हजारों शिवभक्तों ने सम्भलहेड़ा स्थित श्री पंचमुखी महादेव मंदिर में भगवान शिव को जल चढ़ाया। इस दौरान जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मन्दिर में जमा रही। मंदिर परिसर बम-बम भोले के जयकारों से गूंजता रहा।

श्रावण मास की शिवरात्रि के अवसर पर हजारों की संख्या में शिवभक्तों की भीड़ गंगाजल लेकर सम्भलहेड़ा मंदिर पहुँची,शुक्रवार की सुबह करीब 4 बजे से ही मंदिर परिसर में शिवभक्तों की भारी भीड़ जुट गई थी तथा हरिद्वार, गोमुख व गंगोत्री से पैदल चलकर गंगाजल लेकर यहाँ पहुँचे शिवभक्तों ने बम भोले के जयकारों से वातावरण को पूर्णतः शिवमय बनाये रखा। सुबह से ही मंदिर परिसर में शिवभक्तों के साथ साथ भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए श्रद्धालुओं की लम्बी लम्बी कतारें लग गई थी। शिवभक्तों ने सुबह 4 बजे से ही त्रियोदशी का जल चढ़ाना शुरू कर दिया था। महिलाओं पुरुषों के साथ साथ छोटे छोटे बच्चों ने भी घण्टो लाइन में लगकर भगवान आशुतोष को जल चढ़ाया। इसके बाद बच्चों ने मंदिर में लगे मेले में खरीदारी कर व झूले झूलकर आनन्द लिया। वहीं भीड़ के चलते व्यवस्था बनाने में पुलिस को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं के लिए कढ़ी चावल व खीर के प्रसाद की विशेष व्यवस्था की थी। इस दौरान व्यवस्था बनाने में मुख्य रूप से लाला नरेन्द्र गर्ग, विपिन कुमार राजवंशी, पुष्पेन्द्र शर्मा, कृष्णपाल सैनी, गुडडू चौधरी, डॉ. आलोक शर्मा, डॉ. मनोज कुमार, जगपाल प्रजापति, नैन सिंह, सतेन्द्र कुमार, प्रवीण हूण, प्रियम राजवंशी आदि शामिल रहे।

शिवालयों में सुबह से ही जलाभिषेक को जुटे रहे श्रद्धालु

छपार, 02 अगस्त (बु.)। श्रावण मास पर शिवरात्रि पर्व छपार क्षेत्र में उत्साह से मनाया गया। सुबह से ही शिवालयों में जलाभिषेक को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगनी शुरू हो गई थी। छपार कस्बे के साथ ही क्षेत्र के बरला, सिसौना, ताजपुर, तेजलहेड़ा, कुतुबपुर, रामपुर तिराहा के आदि गांवों के शिव मंदिर में शिवभक्त श्रद्धालु महिला-पुरूषों ने भगवान शिव की आराधना कर प्रसन्न करने के लिए जलाभिषेक किया गया।

बाहरी जनपद से आई पुलिस ने एक मकान में दी दबिश, जेवरात व नगदी बरामद

बुढ़ाना, 02 अगस्त (बु.)। बाहरी पुलिस ने लगभग दो सप्ताह तक एक मकान के आसपास की रेकी कर कुछ बदमाशों को किसी स्थान से लूटे गये जेवरात और नगदी के साथ आज अर्धरात्रि में गिरफ्तार किया है।

हालांकि स्थानीय पुलिस दबिश के इस गंभीर मामले में कुछ भी कहने से बच रही है। जहां आज शुक्रवार को दिन निकलने से पहले ही अर्द्धरात्रि मे बाहर की पुलिस कि दबिश पड़ी है वहीं दूसरी और आसपास के लोग इस दबिश का पूरे दिन एक दूसरे से जिक्र करते देखे गये। इस दबिश में पुलिस को क्या मिला और कितने बदमाश पकड़े गये यह तो पता नहीं लग पाया लेकिन तरह तरह की चचाएं यहां व्याप्त हैं। अगर देखा जाए तो कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाहर की पुलिस के कुछ जवान यहां पर लगभग दो हफ्ते से सादी वर्दी में आ जा रहे थे। जिस घर में पुलिस की टीम ने दबिश दी उस घर के आसपास की दुकानों से बाकायदा सामान खरीद रहे थे और दुकानदारों से भी बातचीत कर रहे थे। उन्होंने अर्धरात्रि में पूरी तैयारी के साथ महिला पुलिस को लेकर दबिश दी और पुरुषों के साथ साथ कुछ महिलाओं को भी हिरासत में लिया है। इस संबंध में यहां के एक जिम्मेदार पुलिस अधिकारी से बात करनी चाही तो उनसे किसी तरह का संपर्क नहीं हुआ। इस दबिश की यहां पूरी चर्चा आज पूरे दिन रही।

ससुरालियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न में दी तहरीर, पति के खिलाफ भी कराई रिपोर्ट

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। एक महिला ने अपने पति और उसके परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने महिला की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

शहर कोतवाली क्षेत्र के मिमलाना रोड निवासी सलमा ने थाने पहुंचकर अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। सलमा ने पुलिस को बताया कि उसकी शादी करीब 11 साल पूर्व मिमलाना रोड निवासी मेहरबान से हुई थी। शादी के बाद मेहरबान से उसे तीन बच्चे पैदा हुए। सलमा का आरोप है कि शादी के बाद उसके पति मेहरबान, ससुर मुनव्वर, चाचा कल्लू, इरफान व शाहनवाज ने दहेज के उत्पीड़न करने लगे। आरोप है कि कई बार उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। आरोप है कि कुछ दिन पूर्व आरोपी पति ने उससे व बच्चों से मारपीट की। आरोपी ने उसके बेटे का पैर तोड दिया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

धोखाधड़ी में एसएसपी के आदेश पर मुकदमा दर्ज

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। नई मंडी क्षेत्र में धोखे से कार कब्जाने के आरोप में एसएसपी के आदेश पर दो लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। नई मंडी कोतवाली के कूकड़ा निवासी ड्राईवर शाहवेज ने एसएसपी को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि उसी के गांव का महताब भी वाहन चालक है। महताब कई महीनों से कोई भी काम नहीं मिलने के कारण घर पर ही था और रोजगार के लिए परेशान था। 16 जून को वह महताब को मखियाली गांव निवासी राजू के पास ले गया और राजू की कार किराये पर चलाने के लिए दिलवा दी। महताब कार को लेकर हरिद्वार जिले के चुड़ियाला गांव निवासी तैय्यब के पास ले गया और दो दिन काम कराने की बात कहकर उसने कार को तैयब को दे दिया। आरोप है कि 30 जून को राजू ने कार वापस करने के लिए कहा तो उसने कार देने से इंकार कर दिया। दो जुलाई को वह कार मालिक राजू के साथ चूड़ियाला गांव पहुंचा तो वहां महताब भी मौजूद था।

मेरे खिलाफ ईडी और सीबीआई से छापेमारी की चल रही है तैयारी: राहुल

नई दिल्ली 02 अगस्त (वार्ता)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) उनके खिलाफ छापे मारने की तैयारी कर रहा है। कांग्रेस नेता ने यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को बताया कि ईडी के एक अधिकारी ने उन्हें बताया है कि उनके खिलाफ छापे की योजना बनाई जा रही है। उन्होंने आशंका जताई कि संसद में बजट पर चर्चा के दौरान उन्होंने कहा था कि सरकार विपक्ष और देश के खिलाफ 'चक्रव्यूह' बना रही है और शायद मोदी सरकार को उनका यह बयान पसंद नहीं आया इसीलिए उनके खिलाफ इस तरह की योजना बनाई जा रही है। श्री गांधी ने एक्स पर कहा कि जाहिर है, 2 इन 1 को मेरा चक्रव्यूह भाषण पसंद नहीं आया। ईडी के अंदरूनी सूत्रों ने मुझे बताया कि छापेमारी की योजना बनाई जा रही है। बांहें फैलाकर इंतज़ार कर रहा हूं। चाय और बिस्किट मेरे पास। इस बीच कांग्रेस नेता एवं लोकसभा में पार्टी के व्हिप मणिकम टैगोर ने स्थगन प्रस्ताव देकर सरकार से ईडी-सीबीआई के दुरुपयोग पर चर्चा करने की मांग की है।

एसडी कॉलेज न्यू मार्किट में आरती में शामिल हुए आम-ओ-खास

भगवान आशुतोष की पूजा कर मांगी मन्नतें, गूंजे जयकारें

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन की ओर से शुक्रवार को बाबा भोलेनाथ की पूजा-अर्चना के साथ जलाभिषेक और महाआरती कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाआरती में बतौर मुख्य अतिथि राज्यमंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व मंत्री डॉ. संजीव बालियान, चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य एवं मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ, उद्यमी भीम कंसल, पूर्व विधायक अशोक कंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व चेयरपर्सन अंजू अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला समेत बड़ी संख्या में नगर के गणमान्य मौजूद रहे।

इस दौरान एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन मंदिर समिति से जुड़े पदाधिकारियों ने आरती में शामिल अतिथियों को पटका पहनाकर स्वागत किया। मंदिर प्रांगण में संपन्न कार्यक्रम की इस कड़ी में मंदिर समिति की ओर से स्फटिक शिवलिंग के साथ श्री राम दरबार व श्री हनुमान जी की मूर्ति के साथ मंदिर को सजाया गया। जहां सुबह से देर सायं तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ पूजा व जलाभिषेक के लिए जुटी रही। आरती से पूर्व बाबा भोलेनाथ के साथ अन्य का पूजन-अर्चन इस बीच विद्वान पंडितों के सानिध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल नामदेव ने बताया कि मार्किट में स्थित मंदिर समिति द्वारा बीते दिनों मंदिर में स्फटिक शिवलिंग, श्री राम दरबार व श्री हनुमान जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित किया गया था। शुक्रवार को मंदिर प्रांगण में संपन्न कार्यक्रम में मुख्य रूप से राकेश कंसल, योगेश सिंघल भगत जी, श्याम जसूजा, अनुराग गर्ग, विजय तागरा, अजय मदान, केवल कृष्ण अरोरा, संजीव गोयल, नरेश अरोरा, आकाश दीप अरोरा, केवलराम चुग्घ समेत एसडी कॉलेज न्यू मार्किट एसोसिएशन के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

सामान खरीदकर नहीं चुकाये रुपये, फोन पर भुगतान मांगा तो दी धमकी

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। एक व्यापारी ने सामान खरीदने के बाद उसका भुगतान रोक लिया और जब सामान देने वाले व्यापारी ने भुगतान की रकम मांगी तो उसको धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने मामले में धोखाधड़ी करने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

नई मंडी थाना क्षेत्र के सुभाष नगर निवासी रिजवान इंडियन टैक्सटाइल्स के नाम से फर्म चलाते हुए कपड़े का व्यापार करता है। रिजवान का आरोप है कि उसने सहारनपुर जनपद के नानौता कस्बा निवासी मुमताज को 5,33027 रुपये का माल बेचा था। इसके बाद मुमताज ने पचास हजार रुपये का माल फर्म में आकर खरीदा था। इसमें से आरोपी कारोबारी मुमताज ने 2,65330 का भुगतान कर दिया लेकिन 3,17727 का भुगतान अभी तक नहीं किया है। रिजवान का कहना है कि रुपये मांगने पर आरोपी मुमताज को जब उसने भुगतान की बाकी रकम देने के लिए मोबाइल पर फोन किया तो उसने जान से मारने की धमकी देते हुए पैसा देने से इंकार कर दिया। रिजवान की शिकायत पर पुलिस ने शिकायत दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

फोटो बुलेटिन एसडी मार्किट शिव मंदिर में शिवरात्रि पूजन कार्यक्रम की तस्वीरें।

सिद्ध पीठ मूसा बिलासपुर शिव मंदिर में हजारों लोगों ने चढ़ाया भगवान आशुतोष को जल

उद्योगपति भीम कंसल बोले-1981 में वो साइकिल से आया करते थे उक्त सिद्ध मंदिर में शिव पूजा हेतु बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, उद्योगपति भीम कंसल व वरिष्ठ पत्रकार अरविंद भारद्वाज ने की पूजा अर्चना

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। शिवरात्रि के पर्व पर नगर में लाखों लोगों ने अलग अलग स्थानों पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक व आरती पूजन किया।

इसी क्रम में बिलासपुर शेरनगर स्थित मूसा शिव मंदिर में घंटों लाइन में लगकर हजारों लोगों ने उक्त सिद्ध स्थल पर जलाभिषेक किया। इस मौके पर बुलेटिन सम्पादक अंकुर दुआ, उद्योगपति भीम कंसल और वरिष्ठ पत्रकार अरविन्द भारद्वाज ने मंदिर पहुंचकर भगवान शिव की पिंडी को पंचामृत से स्नान कराया व विधि विधान से पूजा अर्चना कर सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे संतु निरामया, की कामना करते हुए भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। आपको बता दें कि उक्त सिद्ध मंदिर वास्तव में अपने भक्तों की जायज मनोकामनाएं पूर्ण करता है। उद्योगपति भीम कंसल ने उक्त मंदिर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 1981 से अब तक वे लगातार प्रत्येक सोमवार उक्त सिद्ध मंदिर में भगवान आशुतोष की पूजा करने के लिए आ रहे हैं। साइकिल पर शुरू हुआ मंदिर पहुंचने का सफर भोलेनाथ की कृपा से आज पूर्ण सम्पन्नता के साथ गाड़ी तक पहुंच गया है और यही उक्त मंदिर की महिमा को दर्शाता है। मंदिर के प्रधान गुड्डू द्वारा भी मंदिर की शक्ति के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि वे उक्त मंदिर में अब सिर्फ सेवादार के रूप में है, तीन बार प्रधान रह चुके गुड्डू का सफर ड्राईवरी से शुरू हुआ था मगर भगवान शिव की कृपा से आज उनका प्रॉपर्टी का ठीकठाक कारोबार है। मंदिर परिसर में शाम चार बजे लगी डेढ़ किलोमीटर लंबी लाइन में जब शिव भक्तों से बात की गई तो सिर्फ शेरनगर से ही नहीं दूर दूर से आये शिवभक्तों ने खुलकर उक्त मंदिर की भक्ति और शक्ति का बखान किया। सुबह से शाम तक तकरीबन 50 हजार से अधिक लोगों ने शेरनगर स्थित उक्त मंदिर में जलाभिषेक कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया।

हर-हर महादेव... विश्व विख्यात पंचमुखी महादेव मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक करने को उमड़ा शिवभक्तों-कांवड़ियों का सैलाब

जिला पंचायत अध्यक्ष ने पंचमुखी महादेव मंदिर में किया जलाभिषेक

मीरापुर, 02 अगस्त (बु.)। शिवरात्रि के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल ने सम्भलहेड़ा पहुँचकर विश्व विख्यात पंचमुखी महादेव मंदिर में भगवान आशुतोष का जलाभिषेक किया और जनपद में सुख शाँति की मंगल कामना की।

शुक्रवार को शिवरात्रि के अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. वीरपाल निर्वाल मीरापुर क्षेत्र के विश्व विख्यात श्री पंचमुखी महादेव मंदिर सम्भालेहड़ा पहुँचे तथा यहाँ पहुँचकर उन्होंने भगवान भोलेनाथ का पंचामृत से जलाभिषेक किया। इस दौरान मंदिर के पुजारी पं. अंकज भारद्वाज ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर भगवान शिव की विधिवत पूजा कराई तथा वातावरण को पूर्णतः मंत्रों से शिवमय बना दिया। डॉ. निर्वाल ने दूध, दही, शहद, बेलपत्र, धतूरा भगवान शिव को अर्पित किए तथा जनपदवासियों के लिए सुख शांति की मंगल कामना की। इस दौरान मुख्य रूप से आचार्य अजय कृष्ण शास्त्री, रामकुमार शर्मा, सचिन ठाकुर, रूप सिंह आदि मौजूद रहे।

बुढ़ाना में नगर और देहात के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने किया शिव का जलाभिषेक

बुढ़ाना, 02 अगस्त (बु.)। कस्बे और देहात के सभी शिव मंदिर सावन मास की शिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की पूजा अर्चना के लिए सजाए गए। शुक्रवार की सुबह सवेरे से ही शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। जिसमें अधिकतर शिव भक्त कांवड़ियें उत्तराखंड के जनपद हरिद्वार से गंगाजल लेकर अपने अपने गांव के शिव मंदिरों में पहुंचे। शिव मंदिरों में यज्ञ आदि के बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। आज शुक्रवार को पूरा दिन भंडारा प्रसाद का वितरण चलता रहा। ग्रामीण महिला एवं पुरूष श्रद्धालुओं ने विधि विधान के साथ बेल पत्र आदि से भगवान शिव का जलाभिषेक किया और पूजा अर्चना की। इस मौके पर बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला शाहवाडा में स्थित शिव स्थल मंदिर में पूजा अर्चना के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। क्षेत्र के गांव गढ़ी सखावतपुर, परासौली, बिटावदा, उमरपुर और उकावली सहित अन्य कई गांवों में स्थित मंदिर और बुढ़ाना कस्बे में स्थित हरनंदेश्वर धाम, चांदनी वाला मंदिर तथा योगपुरा रोड़ पर स्थित शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। इस दौरान प्रत्येक मंदिर के आसपास पुलिस व्यवस्था भी देखने को मिली। कुल मिलाकर इस दौरान भारी भीड़ देखी गई।

प्रतिष्ठा का जिक्र कर योगी अपना गुस्सा उतार रहे हैं: अखिलेश

लखनऊ, 02 अगस्त (वार्ता)। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर तंज कसते हुये कहा कि प्रतिष्ठा का जिक्र कर वह अपना गुस्सा उतार रहे हैं। श्री यादव ने मुख्यमंत्री का नाम लिये बगैर एक्स पर पोस्ट किया '' दिल्ली का गुस्सा लखनऊ में क्यों उतार रहे हैं। सवाल ये है कि इनकी प्रतिष्ठा को ठेस किसने पहुँचाई। कह रहे हैं सामनेवालों से पर बता रहे हैं पीछेवालों को। कोई है पीछे। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को विधानसभा में व्यक्तव्य दिया था कि वह यहां नौकरी करने नहीं बल्कि जनसेवा के मकसद से आये हैं। उन्हे प्रतिष्ठा की चाहत नहीं है। अगर प्रतिष्ठा उन्हे चाहिये होती तो मठ में उन्हे पर्याप्त प्रतिष्ठा मिल जाती। उधर, लोकसभा चुनाव के बाद उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य बराबर बयान देकर अपनी ही सरकार को नसीहत दे रहे हैं कि संगठन सर्वोपरि है और संगठन से ही सरकार बनती है।

मेरठ और बागपत में शिवभक्तों पर हुई पुष्प वर्षा

मेरठ/बागपत, 2 अगस्त (वार्ता)। योगी सरकार के निर्देश पर लगातार तीसरे दिन शुक्रवार को मेरठ और बागपत में कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा की गई। गुरुवार को मेरठ में जहां डीएम और एसएसपी ने हेलीकॉप्टर से शिव भक्तों पर फूल बरसाए थे तो वहीं शुक्रवार को श्रावण शिवरात्रि के पावन अवसर पर मेरठ मंडल की मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी जे और आईजी नचिकेता झा ने मेरठ में बाबा औघड़नाथ मंदिर और बागपत में पुरा महादेव मंदिर में कांवड़ियों पर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की। दोनों अधिकारियों ने पुष्प वर्षा के साथ ही मंदिर परिसर का सर्वेक्षण भी किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा भी लिया। हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा होते देख कावंडिये खुशी से झूम उठे और बोल बम बोल बम के नारे लगाने लगे। इससे पूर्व गुरुवार को मेरठ के डीएम दीपक मीणा और एसएसपी विपिन ताड़ा ने भी मेरठ के ऐतिहासिक औघड़नाथ मंदिर, दिल्ली देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग, पल्लवपुरम, सिवाया टोल प्लाजा पर कांवडियों पर हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा की थी।

विधानसभा में आए भाजपा के 18 निलंबित विधायकों ने लगाए जय श्री राम के नारे

रांची, 02 अगस्त (वार्ता)। झारखंड विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन आज भोजनावकाश के बाद जय श्रीराम के नारे के साथ निलंबित भाजपा के 18 विधायक सदन में आये। सदन में प्रवेश करते ही भाजपा विधायक सदन के बीचो-बीच में आ गए और वह अपनी सीट पर नहीं बैठे। भारत माता की जय के नारे भी विधायक वेल में लगाये। उल्लेखनीय है कि अनंत ओझा, रणधीर सिह, नारायण दास, अमित मंडल, नीरा यादव किशुन दास, केदार हाजरा, बिरंची नारायण, अर्पण सेन गुप्ता, राज सिन्हा, कोचे मुंडा, भानु प्रताप शाही, समरी लाल, सीपी सिह, नवीन जायसवाल, शशि भूषण मेहता, आलोक चौरसिया और पुष्पा देवी को एक अगस्त को विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने 2 अगस्त को दो दिन तक के लिए निलंबित कर दिया था। निलंबन की अवधि समाप्त होने के बाद ये सभी विधायक आज सदन में पहुंचे।

देश में विमान पायलटों की कमी नहीं: सरकार

नई दिल्ली, 02 अगस्त (वार्ता)। सरकार ने कहा है कि देश में कुछ विशेष प्रकार के विमानों के लिए कमांडरों की कुछ कमी जरूर है जिसको विदेशी पायलटों के जरिए पूरा किया जा रहा है पर कुल मिलाकर देश में विमानन सेवाओं के लिए लाइसेंसधारक वाणिज्यक पायलटों की कोई कमी नहीं है। उड्डयन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहल ने लोक सभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि कुछ खास प्रकार के विमानों के कमांडरों की जिम्मेदारी के लिए जिन विदेशी पायलटों को अनुबंधित किया जाता है उनको ''विदशी चलकदल के लिए अस्थायी अधिकार पत्र'' (एफएटीए) जारी किए जाता है। उन्होंने बताया कि 2019 से अब तक कामर्शियल पायलट के कुल 5710 लाइसेंस जारी किए गए है। इनमें 739 लाइसेंस इस वर्ष (17 जुलाई तक) जारी किए गए हैं। उन्होंने बताया कि देश में पायलट/विमान चालक दल के लिए लोगों की कोई कमी नहीं है।

नीट यूजी परीक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया बनायं: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 02 अगस्त (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल और संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाने, सुरक्षित रखने, संबंधित परीक्षार्थियों को समय पर देने और कड़ी जांच सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को केंद

1973-2024

सम्पादक की क़लम से

योगी सरकार के ऐतिहासिक कदम

योगी सरकार ने कुछ नये कानून बनाए हैं और कुछ में संशोधन किया है। नजूल की जमीन को लेकर जो कानून बनाया गया है, वह अपने आप में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम है। अब पट्टे की अवधि समाप्त होने के बाद पट्टेदार को बेदखल कर दिया जाएगा और नजूल की जमीन वापस ले ली जाएगी। इस संबंध में उत्तर प्रदेश नजूल संपत्ति सार्वजनिक प्रयोजनों के लिए प्रबंधन एवं उपयोग, विधेयक-2024 विधानसभा में भारी विरोध के बीच पारित हो गया। यह ऐसा कदम है, जो दशकों से सरकारी जमीन का दुरूपयोग करने वालों में खलबली पैदा कर रहा है। पुरानी सरकारों ने इस तरफ ध्यान नहीं दिया और सरकारी जमीन का दुरूपयोग रसूख, रुतबे और दबंगई से चलता रहा। सरकार के करीबियों ने भी नजूल की जमीन का खूब गलत इस्तेमाल किया। इस खेल में प्रभावशाली लोगों की, संस्थाओं की, नेताओं की संलिप्तता इस कदर है कि इस कानून का विरोध विपक्ष के साथ-साथ भाजपाई विधायकों ने भी किया। इसी से समझा जा सकता है कि पूरे राज्य में नजूल की जमीन से कैसे-कैसे लोगों ने कैसा-कैसा फायदा उठा रक्खा था। यह योगी सरकार का वह ऐतिहासिक कदम है, जिसकी धमक देर तक रहेगी और दूर तक जाएगी। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने इस कानून पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि नजूल की जमीन का उपयोग विकास कार्यों व सार्वजनिक कार्यों के लिए किया जाएगा। इसीलिए सरकार यह विधेयक लाई है। नजूल की जमीन का भी अपना एक इतिहास है। ब्रिटिश शासनकाल के विरुद्ध आंदोलन करने वालों की जमीनों को जब्त कर लिया जाता था, वही नजूल की जमीन कही जाती है, यानी सरकारी जमीन। अब नजूल जमीन का पूर्ण स्वामित्व निजी व्यक्ति या संस्था को नहीं मिलेगा। नजूल जमीन के पूर्ण स्वामित्व परिवर्तन के संबंध में पहले से कोर्ट या प्राधिकारी के समक्ष लंबित आवेदन अस्वीकृत समझे जाएंगे। जिन नजूल जमीन को फ्रीहोल्ड कराने के लिए रकम जमा की गई है, उसे भारतीय स्टेट बैंक की ब्याज दर पर वापस किया जाएगा। आगे कोई नजूल जमीन फ्रीहोल्ड नहीं की जाएगी। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कानून में गरीब को परिभाषित किए जाने की मांग उठाई। संसदीय कार्य मंत्री ने स्पष्ट किया कि कानून में नियम बनाने का अधिकार है। इसे नियम में स्पष्ट किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा, किसी गरीब को नहीं उजाड़ेंगे। नजूल की जमीन पर बने कोर्ट, शैक्षणिक व मेडिकल संस्थान यथावत रहेंगे, बिजलीघर, थाना यथावत रहेंगे। सुरेश खन्ना ने कहा कि नजूल जमीन को फ्रीहोल्ड कराने के लिए रकम जमा कराई जा चुकी है, उन्हें भी 30 वर्ष के लिए नवीनीकरण का अवसर दिया जाएगा। यानी सरकार नजूल जमीन के उन पट्टाधारकों के 30 वर्ष के नवीनीकरण के लिए राजी हो गई, जिन्होंने शर्तों का उल्लंघन नहीं किया है। इस विधेयक का भारतीय जनता पार्टी के 2 विधायकों और सीएम योगी के समर्थक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया ने भी विरोध किया। समाजवादी पार्टी के विधायकों ने वेल में आकर इस विधेयक का विरोध किया और इसे जनविरोधी बताया। सभी विरोधों को दरकिनार करते हुए योगी सरकार ने अपने बहुमत के बल पर विधानसभा में इस विधेयक को पारित करा लिया। कुछ विधायकों ने कहा कि प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी लोगों को आवास दे रहे हैं और आप लोगों को बेघर करने के लिए यह विधेयक ला रहे हैं। विपक्ष की मांग थी कि सरकार इस विधेयक को प्रवर समिति को भेजे, लेकिन विधेयक पर मतदान के दौरान इसे खारिज कर दिया गया। इस विधेयक का विरोध करते हुए कई विपक्षी विधायक सदन में धरने पर भी बैठ गए। इसके अलावा उत्तर प्रदेश विधानसभा ने चार साल पहले उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2021 पारित किया था जो गैरकानूनी तरीकों से धार्मिक रूपांतरण पर रोक लगाता है। अब योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने इस अधिनियम में संशोधन किया, नये बदलावों के तहत उत्तर प्रदेश गैरकानूनी धर्म परिवर्तन निषेध संशोधन विधेयक, 2024 यह प्रतिबंध हटा देता है कि कौन एफआईआर दर्ज कर सकता है। इसके साथ ही आतंकवाद और मनी लॉन्ड्रिंग मामलों के समान ही आरोपी व्यक्तियों के लिए कठोर जमानत शर्तों का प्रस्ताव रखा गया है और गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए सजा बढ़ा दी गयी है। यह विधेयक कुछ समूहों की सुरक्षा के उद्देश्य से पेश किया गया है, जिनमें नाबालिग, दिव्यांग, महिलाएं और अनुसूचित जाति एससी और अनुसूचित जनजाति एसटी समुदायों के लोग शामिल हैं। विधेयक के उद्देश्यों और कारणों के विवरण में यह भी कहा गया है कि विधेयक अधिनियम की धारा-4 के तहत कानूनी मामलों के संबंध में पहले हुई कठिनाइयों का भी समाधान करेगा। वर्तमान में धारा-4 किसी भी पीड़ित व्यक्ति, उसके माता-पिता, भाई, बहन या किसी अन्य व्यक्ति जो ब्लड रिलेशन, शादी या गोद लेने से उससे संबंधित है को ही पुलिस में गैरकानूनी धर्मांतरण के लिए एफआईआर दर्ज करने की अनुमति देता है। छल-कपट या बलपूर्वक कराए गए मतांतरण के मामलों में कानून और सख्त होगा। अब किसी महिला को अपने जाल में फंसाकर मतांतरण कराकर उत्पीड़न की घटना यानी 'लव जिहाद' के दोषियों को पहली बार उम्रकैद तक की सजा होगी। अवैध मतांतरण की गंभीर घटनाओं की रोकथाम के लिए सरकार ने कानून का दायरा और सजा की अवधि बढ़ाई है। लखनऊ में हुई शर्मनाक घटना पर सीएम योगी ने बेहद नाराजगी जताई, कहा, इसमें पहला अपराधी है पवन यादव, दूसरा अपराधी है मोहम्मद अरबाज, ये सद्भावना वाले लोग हैं। अब इनके लिए सद्भावना ट्रेन चलाएंगे, चिंता मत करना इनके लिए बुलेट ट्रेन चलाएंगे। महिला सुरक्षा से कोई खिलवाड़ करेगा, तो खामियाजा भुगतेगा। पूरी चौकी, इंस्पेक्टर, एएसपी, डीएसपी समेत सबको सस्पेंड किया। अयोध्या में नाबालिग 12 साल की लड़की से गैंगरेप के मामले में सपा का नेता मोईन खान शामिल पाया गया है। समाजवादी पार्टी ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की है। समझ नहीं आ रहा है, ये क्या है। हरदोई में भी ऐसा ही वाकया सामने आया है। इसमें समाजवादी पार्टी का पूर्व जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव का नाम सामने आया है। इस पर 28 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

चार तीर

सुनील उत्सव

"सरकार" "बिल" "आगे" "पीछे"

हम वही हैं और ये सरकार भी मजबूत है,
बिल से बाहर आके बिल्कुल भी नहीं है खेलना।
योगी जी कह दिया दो टूक गुण्डों से, सुनो!
सर उठाओगे तो अपने आगे पीछे देखना।

रस्म पगड़ी

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं देहति पावकः। न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः॥

बड़े दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य
श्री अनिल कुमार सिंघल जी (बसेड़े वाले) पुत्र स्व० लाला रमेश चन्द्र जी
का स्वर्गवास दिनांक 23 जुलाई 2024 दिन मंगलवार
को हो गया है। प्रभु की ऐसी ही इच्छा थी।

रस्म पगड़ी कल दिनांक 04 अगस्त 2024, दिन रविवार को होनी निश्चित हुई है।

-: कार्यक्रम :-
हवन.....10 .00 बजे प्रातः
निज निवासः 91 बी, नई मण्डी, वकील रोड, मुजफ्फरनगर
ब्रह्मभोज.....12.00 बजे दोपहर
रस्म पगड़ी .....3.00 बजे दोपहर
स्थानः- आशीर्वाद बैंकट हॉल, लक्ष्मण विहार
(निकट जानसठ पुल), नई मण्डी, मुजफ्फरनगर

शोकाकुल परिवार
श्रीमति किरण बाला (धर्मपत्नी)
कुमार गौरव सिंघल-श्रुति सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
विभोर गुप्ता-निधि गुप्ता (दामाद-पुत्री)
कृष्ण मोहन सिंघल-सोनिया सिंघल (पुत्र-पुत्रवधु)
आराध्या (पौत्री), आरूष, शुभ (पौत्र), देवांश, शिवांश (धेवते) एवं समस्त बसेड़ा परिवार
Mob.: 9999793113, 7351089000

-: प्रतिष्ठानः-
RICEMAN INDIA PVT. LTD.
DELHI- HARYANA

गणपति धाम की विशेष आरती में जुटे विशेष चेहरे

- बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ भीम कंसल, मंत्री कपिलदेव, पूर्व मंत्री संजीव बालियान, मीनाक्षी स्वरूप भी रही शामिल

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। शिवरात्रि के पावन पर्व पर आज नगर के प्रमुख देवालय श्रीगणपति खाटू श्याम धाम संध्या के समय भव्य विशेष आरती का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मुजफ्फरनगर बुलेटिन संपादक अंकुर दुआ के साथ प्रमुख उद्यमी भीम कंसल, प्रदेश के राज्य मंत्री कपिलदेव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान व पालिका अध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप तथा तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे। श्रीगणपति खाटू श्याम धाम में आज शहर के बड़े चेहरों ने पूजा अर्चना कर विशेष आरती में भाग लिया। आज शाम वहां विशेष आरती से पूर्व भगवान हरिहर की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद वहां मंदिर के संस्थापक भीम कंसल और मंदिर समिति के लोगों ने अतिथियों का स्वागत किया।

विशेष आरती में मुजफ्फरनगर बुलेटिन के संपादक व भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य अंकुर दुआ, प्रदेश के राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय राज्यमंत्री डॉ.संजीव बालियान, पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी स्वरूप, उनके पति भाजपा नेता गौरव स्वरूप, पूर्व विधायक अशोक कंसल, व्यापारी नेता संजय मित्तल, राकेश बिंदल, सतीश गोयल, सुरेंद्र अग्रवाल, दिनेश मोहन एड, कृष्णगोपाल मित्तल, पालिका की पूर्व अध्यक्ष अंजू अग्रवाल, नरेंद्र गोयल, राजीव गर्ग, कुश पुरी, प्रवीण गोयल, रघुराज गर्ग, श्रवण गर्ग आदि शामिल रहे। इस मौके पर मंदिर कमैटी के प्रधान अशोक गर्ग, रजत राठी, विकास कन्नू, चचा जेपी, प्रतीक कंसल, अनिल गोयल आदि ने व्यवस्था में सहयोग किया। अतिथियों को विशेष प्रसाद के साथ अंग वस्त्र और प्रतीक चिह्न भेंट किए गए।

सांझक के ऐतिहासिक शिव पार्वती मंदिर सहित शाहपुर क्षेत्र में हजारों ने किया जलाभिषेक

शाहपुर, 02 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव सांझक स्थित प्राचीन सिद्धपीठ स्वयं प्रकट शिव पार्वती मंदिर में शिवरात्रि पर्व पर हजारों की भीड़ ने जलाभिषेक किया, मंदिर की मान्यता व प्रसिद्धि के चलते श्रद्धालु साँझक मंदिर पहुचे। मंदिर के पुजारी केशवानन्द महाराज ने प्रातः चार बजे विधि विधान से पूजा-अर्चना करा कर भगवान आशुतोष का जलाभिषेक प्रारम्भ कराया। श्रद्धालुओ ने मंदिर के बाहर लगी लम्बी कतार में लगकर जलाभिषेक किया। सांझक मंदिर में प्रातः चार बजे शुरू हुआ जलाभिषेक दिनभर चलता रहा। हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात किया गया। एसपी देहात, सीओ बुढ़ाना भी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। थाना प्रभारी व मीरापुर चौकी प्रभारी दिनभर तैनात रहे। इसके अलावा आसपास के गांवों के श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया मन्दिरों को शिवरात्रि के उपलक्ष्य में सजाया गया था और भजन-कीर्तन, हवन आदि का कार्यक्रम भी दिन भर मन्दिरों में चलते रहे। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर कांवड़ यात्रा करने वाले

कांवड़ियों ने भी भारी संख्या में पुरामहादेव में जलाभिषेक कर साँझक व अन्य मन्दिरों में भगवान आशुतोष पर जलाभिषेक किया। वहीं इसके अलावा कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर, पीपलेश्वर मंदिर, शिव दुर्गा मंदिर, गोकुला देवी मंदिर, ठाकुरद्वारा मंदिर, राम मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। गांव काकड़ा, पलड़ी, पलड़ा, सोरम, चांदपुर, गोयला, बरवाला, उमरपुर, काकड़ा रसूलपुर, धनायन, गढ़ी आदि गांवों के मंदिरों में भी जलाभिषेक किया। वहीं गांव पलड़ा स्थित सिद्धपीठ एकांतेश्वर महादेव धाम जुड्डी वाला मंदिर सैकड़ों श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया। इस अवसर पर 108 कलश द्वारा भोले शंकर की विशेष पूजा अर्चना की गई तथा रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्रावण मास की महाशिवरात्रि पर क्षेत्र के गांव पलड़ा स्थित सिद्धपीठ एकांतेश्वर महादेव जुड्डी वाला शिव मंदिर में गांव व क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष की विशेष पूजा अर्चना कर जलाभिषेक किया। गांव गोयला स्थित सिद्धपीठ बारह वाला शिव मंदिर में भी श्रद्धालुओं ने भगवान शिव की पूजा-अर्चना कर जलाभिषेक किया। कस्बे के प्राचीन शिव मंदिर, सिद्धपीठ मां श्री गोकुला देवी मंदिर, श्री बालाजी धाम, शिव दुर्गा मंदिर, मंगलापुरी मंडी स्थित शिव मूर्ति, रामनगर कॉलोनी स्थित श्रीराम मंदिर, पीपलेश्वर हनुमान मंदिर व ठाकुरद्वारा आदि मंदिरों में जलाभिषेक किया। इसके अलावा गांव सोरम, पलड़ी, चांदपुर, धनायन, दिनकरपुर, काकड़ा, रसूलपुर जाटान, हरसौली, कुटबा, कुटबी व दुल्हेरा आदि गांवों में भी श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया।

NAME CHANGE

I ARIHANT KUMAR JAIN S/o Vinod Kumar Jain R/o H.No. 02, Jain Milan Vihar, New Mandi, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh Have Changed My Name To ARIHANT JAIN In Future, Would Be Known And Identified As ARIHANT JAIN For All Purposes.

ARIHANT JAIN
S/o Vinod Kumar Jain
H.No.02, Jain Milan Vihar, New Mandi, Muzaffarnagar, Uttar Pradesh

तीन पशुओं की मौत से गाँव में मचा हड़कंप

भोपा, 02 अगस्त (बु.)। देर शाम मलपुरा गाँव मे तीन पशुओं की अचानक मौत से हड़कंप मच गया है। ग्रामीणों ने जहर खुरानी गैंग की करतूत होने की आशंका जताते हुए पशुओं के पोस्टमार्टम कराने की मांग की है। वहीं तीन पशुओं की मौत से पशु पालक का परिवार गहरे सदमे में आ गया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव मलपुरा में शुक्रवार की देर शाम आस मोहम्मद के तीन पशु सामूहिक अखोर पर चारा खा रहे थे। कुछ दूरी पर एक भैंस भी चारा खा रही थी कि अचानक एक ही अखोर पर बन्धे तीन पशुओं की तबियत बिगड़ने लगी। तीनों कटिये बेहोश होकर जमीन पर गिर गयी।आनन-फानन में गांव के प्राइवेट पशु चिकित्सक को बुलाया गया। चिकित्सक ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तीन पशुओं की मौत से गांव में हड़कंप मच गया है। ग्राम प्रधान मेहताब अली ने बताया कि अचानक तीन पशुओं की मौत से परिवार आर्थिक संकट में आ गया है। ग्रामीण घटना को जहर खुरानी गैंग की करतूत होने की आशंका जता रहे हैं। पशु पालक ने मृत पशुओं के शव के पोस्टमार्टम कराने की माँग की है।

ज्ञानेश्वर सेवादल के सदस्य लाए विशाल कांवड़

-एसडीएम और सीओ ने की कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा

जानसठ, 02 अगस्त (बु.)। नगर की अग्रणी धार्मिक संस्था श्री ज्ञानेश्वर सेवा दल के सदस्यों के द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी विशाल कांवड़ रथ के माध्यम से लाई गई, जिसमे शिवरात्रि पर भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए धर्मनगरी हरिद्वार से गंगाजल लाया गया। कांवड़ रथ पर विराजमान ज्योतिर्लिंग महाकाल के स्वरूप को देखकर सभी मोहित हो गए और मस्तक नवाकर नमन किया। विशाल कांवड़ को देखने के लिए नगर और क्षेत्र के लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

देर रात्रि तक लोग सड़कों पर जमे रहे। उप जिलाधिकारी जानसठ सुबोध कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी यतेंद्र नागर ने सेवादल की कांवड़ पर पुष्प बरसा कर अभिनंदन किया। महाभारत कालीन श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर कमेटी की ओर से भी सेवादल कांवड़ियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत प्रवेंद्र भड़ाना, भूमि विकास बैंक चेयरमैन ब्रजेश रस्तोगी, सेवा दल प्रवक्ता निशांत कांबोज, सभासद विशाल कुमार, मोनू गुर्जर, राजू भैया, गौरव पाराशर, अमित शर्मा, राजेश सैनी, सतीश गुर्जर, मनीष प्रजापति, कमल, गुलशन, गौरेश, सचिन, नीतू, अनंत, विवेक, अंशुल, बादल, प्रमोद, आकाश सैनी, रवि शर्मा, विनय शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

पलड़ी निवासी प्रियम प्रजापति ने हासिल किया स्वर्ण पदक

शाहपुर, 02 अगस्त (बु.)। क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी ग्रेपलिंग खिलाड़ी प्रियम प्रजापति ने राष्ट्रीय स्तर की जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया है। क्षेत्र के गांव पलड़ी निवासी भाजपा नेता कुलदीप प्रजापति के पुत्र प्रियम प्रजापति ग्रेपलिंग खिलाड़ी है। प्रियम प्रजापति ने दिल्ली के ताल कटोरा स्टेडियम में आयोजित छठें डॉ. बी.आर. अंबेडकर नेशनल गेम्स में जूनियर वर्ग की 70 किग्रा भार में ग्रेपलिंग प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी को हराकर प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया है। खिलाड़ी ने अपनी जीत का श्रेय अपने कोच विश्वदीप कौशिक व अपने माता-पिता सहित अन्य परिवार जनों को दिया है। खिलाड़ी ने बताया कि आगामी नॉर्थ जोन की आयोजित होने वाली प्रतियोगिता में चयन के लिए वह कड़ी मेहनत करेगा। खिलाड़ी के स्वर्ण पदक जीतने पर परिवार व गांव में खुशी की लहर है। खिलाड़ी के स्वर्ण पदक जीतने पर कस्बे के प्रजापति समाज के अध्यक्ष सोमपाल प्रजापति वरिष्ठ पत्रकार सचिन संगल, पूर्व चेयरमैन प्रमेश सैनी, विनोद प्रजापति, अमीर आजम खान, नकली प्रजापति, मा. संजीव सैनी, राहुल प्रजापति, राजवीर प्रजापति, राजकुमार प्रजापति, गुलाब सिंह व कश्मीरा प्रजापति आदि ने खिलाड़ी को शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया है।

आचार्यकुल के कांवड़ चिकित्सा शिविर का हुआ समापन

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बुस.)। शामली अड्डा बस स्टैंड परिसर में 25 जुलाई से निरंतर चल रहा जिला आचार्यकुल का निहिसार्थ कांवड़ चिकित्सा सेवा शिविर का समापन हो गया। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि प्रधान संपादक बुलेटिन अंकुर दुआ जी को आना था, लेकिन किसी कारण से वह उपस्थित नहीं हो सके। सुरेंद्र अग्रवाल अध्यक्ष गुडविल सोसायटी समापन समारोह के अति विशिष्ट अतिथि, इंजी. लोकेश चंद्रा, इंजी. राजेंद्र साहनी और आचार्य वेद प्रकाश शर्मा इस समारोह के विशिष्ट अतिथि रहे और इन्हीं के कुशल निर्देशन में शिविर का समापन किया गया। प्रमुख गांधी विचारक होती लाल शर्मा अध्यक्ष प्रांतीय आचार्यकुल के निर्देशन में निरंतर गतिशील इस चिकित्सा सेवा कार्यक्रम में संस्था के जिला अध्यक्ष चौ. राजवीर सिंह, उपाध्यक्ष चौ. देवराज, उपाध्यक्ष पंडित शिवकुमार, सत्य प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष, उप सचिव प्रो. सतीश कुमार मित्तल, उप सचिव अशोक कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष आचार्य सीताराम और सचिव आचार्य सुरेंद्र पाल सिंह सहित पूरी जिला कार्यकारिणी का सहयोग सराहनीय रहा। संस्था द्वारा चिकित्सा सेवा के लिए नामित किए गए डॉ. रविंद्र वर्मा, डॉ. सुनील शर्मा, डॉ. रविंद्र वशिष्ठ, बबीता शर्मा, रविता चौधरी, विनोद चौहान, अर्पिता रानी, ठा. महेंद्र सिंह चौहान, देव चौधरी, राजपाल वर्मा, महेंद्र दत्त शर्मा, रवि गोस्वामी एड., भरत शर्मा एड., मांगे सिंह उपाध्याय, संजीव वर्मा, आचार्य सतीश विश्वकर्मा, यश सिंघल, सरोज सिंघल, पूनम शर्मा ने अपना समय और श्रम सेवा कार्यों में लगकर बहुत सराहनीय कार्य किया। इस अवसर पर बोलते हुए संस्था के पदाधिकारी सुषमा सिंह, शशि गोयल, रेणुका जैमिनी, पूनम मार्शल, अरुण बाला, उमा चौधरी, अर्चना गोयल, कुंज बिहारी अग्रवाल, शिव कुमार सिंघल, सुनीता वर्मा, रवींद्र वर्मा, चतर सिंह एड. द्वारा दी गई सेवाओं की भी सराहना की गई।

भगवान शिव के जलाभिषेक को उमड़े श्रद्धालु

जानसठ, 02 अगस्त (बु.)। श्रावण मास की त्रयोदशी और चौदस के अवसर पर भगवान शिव को जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कस्बे में स्थित सिद्धपीठ श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर पर लंबी लाइन लगी रही। शुक्रवार की सुबह से ही मंदिरों पर श्रद्धालुओं का पहुंचना आरंभ हो गया था। आठ बजे तक मंदिरों पर लंबी-लंबी कतार लग गई। कस्बे में स्थित सिद्धपीठ श्री ज्ञानेश्वर महादेव मंदिर सहित आसपास क्षेत्र के गांवो के सभी शिव मंदिरों के शिवलिंग पर श्रद्धालुओं द्वारा गंगाजल, बेल पत्र, दूध, दही, पंचामृत, फल, फूल और मिठाई अर्पित कि गई। श्रद्धालुओं ने शिवरात्रि का व्रत रखा और मंदिरों में पहुंचकर विशेष पूजन किया। इस दौरान परिवार में सुख समृद्धि की कामना भगवान भोलेनाथ से की गई। सुबह से लेकर दोपहर साढ़े तीन बजे तक श्रद्धालुओं ने त्रयोदशी का जल चढ़ाया। उसके बाद चौदस आने पर शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं और कांवड़ियों ने चौदस का जल चढ़ाया गया। मंदिरों पर जलाभिषेक के दौरान पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा को लेकर भी पुख्ता इंतजाम किए गए। सभी मंदिरों और मुख्य चौराहो पर पुलिसकर्मी तैनात रहे।

मकान की छत गिरने से महिला हुई घायल, रहने का छाया संकट

चरथावल, 02 अगस्त (बु.)। थाना क्षेत्र के ग्राम हरनाकी में बारिश के चलते एक गरीब व्यक्ति के मकान की छत गिरने से महिला चोटिल हो गई। महिला के सामने रहने का संकट पैदा हो गया है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मुआवजा एवं मकान बनवाने की मांग की है। चरथावल थाना क्षेत्र के ग्राम हरनाकी में जसवीर कच्चे मकान में रहकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। शुक्रवार को बारिश के चलते जसवीर के मकान की छत भरभराकर कर गिर गई, जिसकी चपेट में आने से महिला घायल हो गई व काफी सामान दब गया। महिला के सामने रहने का संकट पैदा हो गया है। ग्रामवासियों ने प्रशासन से मुआवजा एवं मकान बनवाने की मांग की है।

Transform your DREAMS into REALITY @
Shri Ram Group of Colleges
Approvals | Affiliations
Website: srgcmzn.com E-mail: src_mzn@rediffmail.com
Scholarships more than ₹ 10 Crore
'SRC' Ranked among the Top 25 NAAC Accredited Colleges of India
Admission/ Registration Open
Courses Offered
BTech | Polytechnic | BArch | MBA
MCA | BPharm | DPharm | MEd | BEd
DElEd | MPEd | BPEd | BPES | MSc (Maths, Chemistry, Zoology, Botany, Biotech, Microbio, Computer Sc)
MSc-Home Science (Food & Nutrition, Clothing & Textile, Home Management) | MCom | MSc-Agriculture (Agronomy, Agricultural Chemistry & Soil Science)
MFA (Fashion Design, Applied Arts, Textile Design, Drawing & Painting) | MAJMC | BBA | BCA | BCom | BAJMC
BFA | LLB | BALLB | BComLLB | BVoc (Yoga)
BSc (PCM, CBZ) | BSc (Biotechnology, Microbiology, Home Science, Agriculture) | ITI (Electrician, Fitter, Turner, Machinist, Welder, COPA, HSI, FDT)
श्रीराम पॉलिटेक्निक मुजफ्फरनगर
पॉलिटेक्निक Counseling Codes 1501, 1602
CE/EE/ME/ME(Auto)/ECE/CSE
प्रवेश के लिये तृतीय चरण हेतु च्वाईस लॉकिंग की अन्तिम तिथिः 04.08.2024
:: सम्पर्क सूत्र :: 9837755504, 9917116655, 7088013177
श्रीराम कॉलेज, मुजफ्फरनगर
उच्च शिक्षा का NAAC द्वारा 'A++' Grade प्रदान संस्थान
बी.एड. 2024-26
प्रवेश के लिये तुरन्त सम्पर्क करें
:: सम्पर्क सूत्र :: 9927028908, 9411929266 9319827104, 9837793054
संस्थान में माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की सुविधा उपलब्ध
रजिस्ट्रेशन फीस एवं ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन सर्विस फ्री
Contact @ Engg- 9927079966, 7088013180 Arch- 9917111139, Poly- 9837755504, 9917116655, Mgmt.- 9927411444, Law- 9927227744, HSc- 8800538281 Fine Arts- 9719402220, Pharmacy- 9919966070, Other Courses- 9358348700
Campuses : Parikarma Marg/ Circular Road/ Roorkee Road, Muzaffarnagar

बदरीनाथ हाईवे पर बाइक सवार दो युवकों के अलकनंदा नदी में बहने की आशंका

देहरादून, 2 अगस्त (एजेंसी)। बदरीनाथ हाईवे पर छिनका के पास शुक्रवार देर शाम को एक बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में दो युवकों के अलकनंदा नदी में बहने की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर युवकों की तलाश शुरू कर दी है। शुक्रवार शाम करीब सवा छह बजे छिनका के पास बाइक अनियंत्रित होकर हादसे का शिकार हो गई। बाइक में सवार दो युवक छिटककर नदी में जा गिरे। जबकि बाइक हाईवे पर ही पड़ी हुई है। आशंका जताई जा रही है कि दोनों युवक नदी में बह गए हैं। बाइक पर लगी प्लेट पर उत्तर प्रदेश का नंबर दर्ज है। स्थानीय लोगों ने युवकों को नदी में गिरते देखा है। इन दिनों अलकनंदा नदी उफान पर है, ऐसे में युवकों की तलाश करना काफी मुश्किल हो रहा है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी ने बताया कि युवकों के नदी में बहने की सूचना है। पुलिस और आपदा प्रबंधन की टीम मौके पर युवकों की तलाश कर रही है।

बदरीनाथ हाइवे नंद प्रयाग के पास आया मलबा

गोपेश्वर, 2 अगस्त (एजेंसी)। चमोली जनपद में हो रात्रि को हो रही आए दिन वर्षा आफत का सबब बना हुआ है। रात्रि वर्षा के चलते बदरीनाथ हाइवे जगह जगह बाधित होने के चलते तीर्थयात्रियों के साथ साथ आमजन को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। हालांकि दोपहर बाद हाइवे सुचारु होने से यात्रियों ने राहत की सांस ली है। चमोली जिले में गुरुवार की रात्रि को हुई वर्षा से बदरीनाथ हाइवे तड़के सुबह गुलाबकोटी, कमेड़ा, नंदप्रयाग के पास पहाड़ी से भारी मात्रा में मलबा व बोल्डर आने से हाइवे पर वाहनों की आवाजाही ठप हो गई। इस दौरान हाइवे के दोनों ओर तीर्थयात्रियों के वाहनों की लंबी कतारे लग गई। बदरीनाथ हाइवे छिनका के पास 10:46 पर हाइवे पर मलबा आने से अवरुद्ध हो गया था जिसे 11:40 पर यातायात के लिए सुचारु किया गया। जबकि अन्य जगह पर बाधित हाइवे को खोलने में सुबह से एनएच जुटा हुआ था जिसके बाद कमेडा 9:46 मिनट ,गुलाबकोटी 9: 20 व नंदप्रयाग के पास डेढ बजे हाइवे को यातायात के लिए सुचारु किया गया।

हरिद्वार से 4.4 करोड़ कांवड़िये गंगाजल लेकर हाईवे पर दौड़े

हरिद्वार, 2 अगस्त (एजेंसी)। बृहस्पतिवार को कांवड़ मेले के संपन्न होने के साथ आज शुक्रवार को शिवालयों में जलाभिषेक किया गया। आखिरी दिन पूरी रात डाक कांवड़ यात्री हरिद्वार से जलभर बाइकों और बड़े वाहनों से दौड़ते रहे। इस बार मेले में चार करोड़ चार लाख 40 हजार कांवड़ यात्री पहुंचे हैं। प्रशासन ने बृहस्पतिवार की शाम छह बजे तक का यह आंकड़ा जारी किया है। पिछले साल चार करोड़ सात लाख कांवड़ यात्री हरिद्वार पहुंचे थे। 22 जुलाई से कांवड़ मेले का आगाज हुआ था। आज शुक्रवार को जलाभिषेक होगा। बृहस्पतिवार की शाम तक छह बजे धर्मनगरी में 77 लाख कांवड़ यात्रियों ने गंगाजल भरा और अपने गंतव्य की तरफ रवाना हो गए। इस बार डाक कांवड़ यात्रियों का हुजूम अंतिम दिनों ही उमड़ा। इससे पहले पैदल कांवड़ यात्री रवाना होते रहे। शुक्रवार को भी आसपास के जनपदों के यात्री गंगाजल भरकर रवाना होते रहे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि कांवड़ मेले में अब तक 4 करोड़ 4 लाख, 40 हजार कांवड़ी यात्री पहुंचे हैं। कांवड़ियों के तीन लाख 38 हजार 277 छोटे-बड़े वाहन गुरुवार को पहुंचे हैं। छह कांवड़ियों को डूबने से बचाया गया है जबकि तीन की मौत हुई है।

दुर्घटना में घायल समाचारपत्र वितरक (पीआरडी जवान) की उपचार के दौरान मौत

मीरापुर, 02 अगस्त (बु.)। एक सप्ताह पूर्व सड़क दुर्घटना में घायल हुए समाचार पत्र वितरक (पीआरडी जवान) की उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। ककरौली थाना क्षेत्र के गांव टंढेडा निवासी विजयपाल (48) पीआरडी का जवान था तथा समाचार पत्र वितरक था विजयपाल कई समाचार पत्रों के वितरण करने का कार्य करता था। करीब एक सप्ताह पूर्व विजयपाल जानसठ थाने में ड्यूटी करने के उपरांत घर जाने के लिए थाने के बाहर खड़ा था। इस दौरान एक बाइक सवार ने विजयपाल को टक्कर मार दी थी, जिससे विजयपाल गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे परिजनों ने उपचार के लिए मेरठ एक अस्पताल में भर्ती कराया था। गुरूवार को उपचार के दौरान विजयपाल की मौत हो गयी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। गमगीन माहौल में गांव में ही उसका अंतिम संस्कार किया गया। विजयपाल की मौत पर समाचार पत्र वितरकों व पत्रकारों ने शोक व्यक्त किया है। पत्रकारों ने मृतक को मुआवजा दिए जाने की मांग की है। शोक व्यक्त करने वालों में राहुल शर्मा, मोनू ठाकुर, सोनू धीमान, ऋतु मोहन, शाहनवाज सोनू, सन्दीप कश्यप, धर्मोद चौधरी, राजेन्द्र सिंह, आबिद हुसैन, समून राइन, विपिन राठौर, प्रवीण शर्मा आदि शामिल रहे।

हिना खान ने कैंसर के इलाज के बीच मुंडवाया सिर

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)। ये रिश्ता क्या कहलाता है की अक्षरा यानी हिना खान और उनके परिवार के लिए ये वक्त उनकी जिंदगी का सबसे कठिन है। एक्ट्रेस ब्रेस्ट कैंसर की तीसरी स्टेज से गुजर रही हैं। हाल ही में उन्होंने ये दुखद जानकारी फैंस के साथ साझा की थी। हिना का इलाज चल रहा है लेकिन कैंसर के इलाज के दौरान होने वाली कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट से वह गुजर रही हैं। कीमोथेरेपी के साइड इफेक्ट्स से लड़ने के लिए वह मेंटल हेल्थ के साथ स्ट्रॉग रहना चाहती हैं। इसलिए भारी मन से उन्होंने खुद अपना सिर मुंडवा लिया। हिना खान ने जब से अपनी सेहत को लेकर जानकारी फैंस के साथ साझा की है, तब से लगातार फैंस उनके लिए दुआ कर रहे हैं। हिना को ईश्वर के साथ खुद पर विश्वास है कि वह इस जंग को जीत लेंगी। पहली कीमोथेरेपी सेशन के बाद हिना खान ने अपने बालों को छोटा कराया था। अब जैसे-जैसे इलाज का प्रोसेस आगे बढ़ रहा है वैसे-वैसे हिना को साइड इफेक्ट्स दिख रहे हैं। लगातार झड़ते बालों से वह खुद को परेशान नहीं करना चाहती। इसलिए उन्होंने अपना सिर मुंडवाने का फैसला किया।

धरना रोकने की चल रही साजिशें, कर दूंगा पूरी तरह नाकाम : अंकुर दुआ

कोई भी अप्रिय घटना कराने की कोशिश की गयी, तो प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया तक जाऊंगा

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा पांच अगस्त दिन सोमवार प्रातः दस बजे शिव चौक तुलसी पार्क पर शहर सुधार के लिए धरना देने की घोषणा के बाद साजिशों की सुगबुगाहट भी बुलेटिन के कानों तक पहुंच चुकी है। समाचार पत्र के माध्यम से ही लिखकर अवगत कराया जा रहा है कि जिसके मन में जो साजिश आये वह पूरी तरह से रच सकता है। उसे हर प्रकार की छूट दी जाती है। मगर वह शब्दों में ज्यादा बात बताई जा रही है कि चाहे कोई कितनी भी साजिश क्यों न रच लें, जिस बात का संकल्प बुलेटिन ने ले लिया है, वह पूरा करके ही रहेगा। साजिशों के दौर में जरा भी नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई तो उसके जिम्मेदार साजिश रचने वाले तो होंगे ही साथ ही साथ सूबे के मुख्यमंत्री के साथ साथ प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया तक को इस बात के लिए अवगत कराया जायेगा। उक्त धरना मुजफ्फरनगर बुलेटिन सम्पादक द्वारा किसी निजी कार्य हेतु नहीं दिया जा रहा। उक्त धरना समाज विरोधी गतिविधियों के विरुद्ध नगर में अवैध रूप से चल रही हजारों ई रिक्शाएं वे अतिक्रमण के विरुद्ध दिया जा रहा है। इन मुद्दों के साथ साथ जनता अन्य कई मुद्दों से परेशान आ चुकी है। कभी बिजली, कभी पानी, कभी सड़क कहीं कुत्ते और बंदर, न जाने कितनी समस्याओं का अम्बार आम जनता बुलेटिन तक पहुंचा रही है। सड़कों पर महिलाओं और बच्चों यहां तक कि पैदल चलने वाले नौजवानों तक को आये दिन जाम से जूना पड़ता है और पिछले दस वर्षों में सत्ताधारियों द्वारा सिर्फ एक बार औपचारिकता पूरी करने के अलावा इनमें से किसी भी समस्या का समाधान स्थाई रूप से नहीं किया है। खोखले आश्वासन देकर आम जनता को ही नहीं, अच्छों अच्छों को दिग्भ्रमित किया जा चुका है। मगर आज तक न तो अवैध ई रिक्शाओं पर रोक लगाई और न ही किसी प्रकार का कोई रूट उक्त ई रिक्शाओं का बनाया गया है। जहां चाहा मुंह उठाया और सवारी ढोना शुरू कर दिया, न पीछे चलने वाले वाहनों की चिंता, न अन्य किसी और बात की अवैध ई रिक्शाओं के साथ साथ अवैध अड्डों का जंजाल भी दुकानदारों की छाती पर शिव चौक, मीनाक्षी चौक, महावीर चौक, प्रकाश चौक, ांसी की रानी, अस्पताल चौराहा, नावल्टी चौक, मालवीय चौक आदि पर खुलकर देखा जा सकता है। दुकानदारों ने तो यहां तक कह दिया था कि करोड़ों की दुकानों पर बैठने से अच्छा हम इन अड्डों से तंग आकर खुद ही रिक्शा चलाने का काम कर लेते हैं। यही हाल सुबह, दोपहर और शाम सड़कों के बीच फल, सब्जी के ठेले खड़े करने वाले अतिक्रमण का है। सफेद पट्टी से बाहर खुलकर उक्त फल सब्जी विक्रेता ठेले खड़े करते दिखाई पड़ते हैं। ऐसे में प्रशासन ने एक बार खोखली योजना बनाते हुए उक्त ठेला चालकों को कंपनी बाग के बाहर स्थान देने की घोषणा की थी, मगर जैसे नेताओं के चुनाव आये तो उक्त योजना वोट लेने की भेंट चढ़ गई और सब कुछ वहीं का वहीं रूका रह गया। चुनाव भी समाप्त हो गये मगर उसके बाद भी कुछ न हुआ। न सत्ताधारी नेता और न ही विपक्ष के सांसदों को अभी तक नगर की कोई सुध लेने की इच्छा ही नहीं हुई। ऐसे में शिवरात्रि का पर्व सकुशल सम्पन्न करने के बाद मुजफ्फरनगर बुलेटिन द्वारा की गई घोषणा पर बुलेटिन पूरी तरह अटल है और पांच अगस्त को लाख साजिशें रचने के बावजूद भी शिव चौक के निकट तुलसी पार्क में विधिवत धरना दिया जायेगा।

गांधी कॉलोनी अनंतेश्वर महादेव मंदिर

मुजफ्फरनगर दंगा : निचली अदालत के आदेश के खिलाफ पूर्व विधायक नूरसलीम ने दायर की रिवीजन

एमपी एमएलए एडीजे कोर्ट प्रथम ने स्वीकार की अर्जी, 14 अगस्त को होगी सुनवाई

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। जनपद में साल 2013 में हुए साम्प्रदायिक दंगे के दौरान कवाल कांड के बाद हुई सभा में भड़काऊ भाषण सहित अन्य आरोपों से मुक्त करने का प्रार्थना पत्र निचली अदालत में खारिज हो जाने के बाद पूर्व विधायक नूर सलीम राना ने एमपी-एमएलए एडीजे प्रथम कोर्ट में रिवीजन दायर की है। कोर्ट ने उनकी अर्जी को स्वीकार करते हुए सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि मुकर्रर की है। 27 अगस्त 2013 को गांव कवाल में तीन हत्याओं के बाद जनपद में बड़े पैमाने पर सांप्रदायिक तनाव फैल गया था। 30 अगस्त को शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला खालापार के शहीद चौक पर शुक्रवार को जुमे की नमाज के बाद आयोजित की गई सभा में भड़काऊ भाषण देने के आरोप में सांसद कादिर राना, पूर्व सांसद एवं पूर्व गृह राज्यमंत्री सईदुज्जमां, पूर्व विधायक नूरसलीम राना, मौलाना जमील, सलमान सईद, सुल्तान मुशीर एडवोकेट, पूर्व सभासद असद जमा सहित 10 लोगों को आरोपित बनाया गया था। पुलिस ने विवेचना कर कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की थी। घटना के मुकदमे की सुनवाई सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट में चल रही है। पूर्व सांसद कादिर राना, पूर्व विधायक नूर सलीम राना और सुल्तान मुशीर एडवोकेट की ओर से कोर्ट में आरोप मुक्त करने का प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया था, जिस पर सुनवाई करते हुए 25 अगस्त को कोर्ट ने प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया था। पूर्व विधायक नूरसलीम राना और सुल्तान मुशीर की ओर से निचली अदालत के आदेश के विरुद्ध बचाव पक्ष के वरिष्ठ अधिवक्ता अमजद अली ने रिवीजन प्रार्थना पत्र दाखिल किया था, जिसे एमपी-एमएलए, एडीजे प्रथम कोर्ट ने स्वीकार करते हुए उस पर सुनवाई के लिए 14 अगस्त की तिथि निर्धारित की है। कोर्ट ने निचली अदालत से मुकदमे का रिकार्ड भी तलब किया है। पूर्व में नूरसलीम राना, सुल्तान मुशीर और पूर्व सांसद कादिर राना को आरोप मुक्त करने के लिए कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी, जिसमें तर्क दिए गए थे कि जिस सभा में शामिल होने पर उन्हें 188 सीआरपीसी का आरोपित बनाया गया है, उसकी जिला प्रशासन से पूर्व में अनुमति ली गई थी। डीएम और एसएसपी ने स्वयं सभा में पहुंचकर ज्ञापन लिया था। यदि कोई भड़काऊ भाषण दिया जाता तो वे स्वयं कार्रवाई करते।

14.8 मिमी बारिश के बाद फिर थमा पारा

अभी बारिश और व्रजपात के आसार कायम

मुजफ्फरनगर, 2 अगस्त (बु.)। नगर में दो दिन से चल रहा बारिश का दौर आज भी जारी रहने से राहत रही। आज 14.8 मिमी बारिश के बाद नगर में अधिकतम तापमान 32.0 और न्यूनतम 26.0 डिग्री पर बना रहा। इसके साथ ही मौसम में अभी भी बारिश के आसार बने रहेंगे। कल सुबह की बारिश के बाद दिन में बादलों के खामोश रहने के बाद बीती रात पारा चढ़ने लगा था। आज फिर दोपहर के समय हुई बारिश ने बढ़ते तापमान का हाथ थाम लिया। इसके चलते आज करीब एक घंटे तक हुई 14.8 मिमी बारिश ने लोगों को खासी राहत दी और पारा 32 पर जमा रहा। मौसम विभाग के अनुसार अभी बारिश और वज्रपात के हालात बन सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर प्रदेश में सक्रिय मानसून दोबारा कमजोर पड़ता दिख रहा है। शुक्रवार के लिए मौसम विभाग ने अच्छी बारिश का पूवार्नुमान लगाया था लेकिन यह पश्चिमी यूपी के कुछ इलाकों में सिमट कर रह गई। मुजफ्फरनगर में 14.8 मिमी और बुलंदशहर में 8 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि बृहस्पतिवार की रात पूर्वी यूपी व तराई इलाकों में अच्छी बारिश हुई थी। वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के मुताबिक कम दबाव की पट्टी के दक्षिणी यूपी की ओर खिसकने से सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी आदि में हल्की बारिश की संभावना है। अच्छी बारिश के लिए अगले दो दिन इंतजार करना होगा। मौसम विभाग ने शनिवार को दक्षिणी यूपी के सोनभद्र, मिजार्पुर, चंदौली, वाराणसी, संत रविदास नगर व आसपास इलाकों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। वहीं, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, मुरादाबाद, रामपुर, महोबा, ललितपुर व आसपास के इलाकों में भी बारिश की चेतावनी जारी किया है। कुछ इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है।

केदारनाथ में फंसे मेरठ के 40 लोग

मेरठ, 2 अगस्त (एजेंसी)। मेरठ से केदारनाथ दर्शन के लिए गए लगभग 40 श्रद्धालु बादल फटने के कारण फंस गए हैं। कई लोग इस त्रासदी में बाल-बाल बच गए हैं। जबकि कुछ लोगों से संपर्क नहीं हो पा रहा है। इससे उनके परिजन चिंतित हो गए हैं। वह अपनों के सकुशल होने की प्रार्थना कर रहे हैं और उनसे संपर्क करने का प्रयास कर रहे हैं। संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष नवीन गुप्ता ने बताया कि उनके प्रभात नगर निवासी यश गुप्ता और मेरठ नमकीन बुढ़ाना गेट संचालक उनके रिश्तेदारों के बच्चों के साथ छह लोग केदारनाथ गए थे। कल से उनसे संपर्क नहीं हो पा रहा था। गुरुवार को उन्होंने बताया कि उनके 50 मीटर दूरी बादल फटा और पूरा रास्ता ब्लॉक हो गया। ऐसे में नेटवर्क भी जाम हो गए। जिसके चलते परिवार से संपर्क नहीं हो पाया।

रविवार को छुट्टी के बावजूद खुलेगा एआरटीओ कार्यालय

- स्कूली वाहनों के फिटनेस कराने का अंतिम मौका
- अब तक जिले में 98 वाहनों के पंजीयन किए जा चुके निरस्त
- डीआईओएस एवं बीएसए से मांगी विभाग ने मदद

मुजफ्फरनगर, 02 अगस्त (बु.)। श्रावण माह के कांवड़ यात्रा मेले की समाप्ति के साथ अब फिर से सरकारी कार्यालयों में कामकाज शुरू होने के साथ फरियादियों की समस्या निदान की कवायद शुरू होगी। इस दिशा में परिवहन आयुक्त कार्यालय से जारी निर्देशों के बाद एआरटीओ विभाग ने स्कूली वाहनों एवं यात्री वाहनों की फिटनेस की जांच को विशेष अभियान चलाए जाने की पहल की है। फिटनेस समाप्त होने से वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने की प्रबल संभावनाओं के बीच अब तक बिना फिटनेस के संचालित वाहन स्वामियों को इसका लाभ उठाने का अंतिम मौका रविवार 4 अगस्त को मिलेगा।

एआरटीओ प्रवर्तन अजय मिश्रा ने जनपद के स्कूली वाहन स्वामियों के साथ ही यात्री वाहन स्वामियों व विद्यालय प्रबंधकों-प्रधानाचार्यों से शिविर का लाभ उठाते हुए वे अपने यात्री वाहन या विद्यालय में संचालित फिटनेस फेल वाहनों का फिटनेस कराने का अनुरोध किया। इस शिविर के अन्तर्गत यात्री वाहन व स्कूली वाहनों की फिटनेस जांच के लिए आवश्यक स्लॉट की व्यवस्था की गई है। परिवहन विभाग की ओर से स्कूल बसों के लिए चलाए जा रहे अभियान में अब तक 98 स्कूल बसों के पंजीयन निरस्त कर दिए गए हैं। विभाग का कहना है कि सभी स्कूलों की बसों को चेक करते हुए कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले में कुल 713 स्कूल वाहन हैं, जिनमें 142 वाहनों की फिटनेस पूर्व में हुई जांच में एक्सपायर पाई गई है। जिन्हें नोटिस भी दिए है। उन्होंने बताया कि नोटिस देने के बावजूद वाहनों की फिटनेस नहीं करवाने पर 98 वाहनों के पंजीयन निरस्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा प्रवर्तन कार्रवाई के दौरान भी मानक के विपरीत संचालित पाए गए 13 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि इसके साथ डीआईओएस राजेश कुमार श्रीवास व बीएसए संदीप चौहान को भी पत्र के माध्यम से बताया है कि वे स्कूलों को अनफिट वाहनों की फिटनेस करवाने के लिए निर्देशित करें। साथ ही उन विद्यालयों पर भी अपनी ओर से विभागीय कार्रवाई करें, जो अनफिट होने के बावजूद सड़कों पर दौड़ रहे हैं।

सपा नेता की दुष्कर्म पीड़िता की मां से मिले योगी, थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज सस्पेंड

लखनऊ, 2 अगस्त (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या की दुष्कर्म पीड़िता बच्ची की मां को आश्वस्त किया कि सरकार उनके साथ खड़ी है। बच्ची के साथ दरिंदगी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। शुक्रवार को दुष्कर्म पीड़ित बच्ची की मां ने मुख्यमंत्री से उनके सरकारी आवास पर मुलाकात की। तत्पश्चात उन्होंने पत्रकारों को बताया कि उन्होंने सरकार से दोषियों को फांसी की सजा दिलाने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया है कि आरोपी सपा नेता मोईन खान की संपत्तियों की जांच होगी और अवैध संपत्तियों पर बुलडोजर चलेगा। इस दौरान बीकापुर के विधायक अमित सिंह चौहान भी मौजूद रहे। बता दें कि अयोध्या के पूरा कलंदर थानाक्षेत्र में घटी शर्मनाक घटना में पिछड़ा वर्ग की 12 वर्षीय बच्ची के साथ सपा नेता मोईन खान और उसके नौकर पर दुष्कर्म और ब्लैकमेलिंग का आरोप है। आरोपित मोईन खान फैजाबाद से सपा सांसद अवधेश प्रसाद का करीबी बताया जाता है। सीएम योगी ने बृहस्पतिवार को विधानसभा में इस घटना पर गहरी नाराजगी व्यक्त की थी। साथ ही आरोपियों को लेकर सपा के सॉफ्ट कॉर्नर की भर्त्सना की थी। वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के निर्देश पर बच्ची के स्वास्थ्य और उसकी सुरक्षा के लिए विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं।भदरसा में सपा नेता मोईद खान और उसके नौकर की ओर से बालिका के साथ गैंगरेप में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कार्रवाई का दौर शुरू हो गया है। रेप पीड़िता की मां से सीएम योगी की मुलाकात के बाद यहां पर एसएसपी राजकरण नय्यर ने पूराकलंदर थानाध्यक्ष रतन शर्मा और भदरसा चौकी प्रभारी अखिलेश गुप्त को निलंबित कर दिया है। इस प्रकरण में थानाध्यक्ष व चौकी इंचार्ज की लापरवाही के साथ उनकी भूमिका तय करने के लिए जांच के भी आदेश दिए गए हैं। आईजी प्रवीण कुमार ने निलंबन की कार्रवाई की पुष्टि की है।

सोलानी नदी में उत्तराखंड का पानी आने से गांवों में बाढ़ की स्थिति

कई गांवों के रास्तों में नदी का पानी भरने से आवागमन प्रभावित, जनजीवन पर पड़ा असर

पुरकाजी, 02 अगस्त (बु.)। उत्तराखंड में भारी बारिश का पानी सोलानी नदी में छोड़े जाने के चलते पुरकाजी खादर क्षेत्र के दर्जनभर गांव बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। सोलानी नदी का पानी जंगलों में घुसने से फसलों को भारी नुकसान पहुंचा है। कई गांवों के रास्ते भी पानी भरने से बंद हो गए हैं। विगत 17 जुलाई में उत्तराखंड राज्य में हुई जोरदार बारिश का पानी आने व 2500 क्यूसेक पानी सोलानी नदी में छोड़े जाने से सोलानी नदी उफान पर आ गई थी, जिसका पानी नदी से बाहर आकर खादर क्षेत्र के कई गांवों की फसलों में घुस गया था। जिससे फसले जलमग्न होने से किसानों को बड़ा नुकसान हुआ। वही दो दिन बाद फिर सोलानी नदी में पांच हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने से सोलानी नदी उफान पर आ गई थी। वही फिर गुरूवार में सोलानी नदी में उत्तराखंड का पानी आ जाने से खादर क्षेत्र में बह रही सोलानी नदी में बाढ की स्थिति पैदा हो गई। रजकल्लापुर-रामनगर मार्ग एंव भदौला-धुम्मनपुरी आदि कई गांवों के रास्तों में पानी भरने से रास्तें बंद होने से ग्रामीण त्रस्त हुए। रजकल्लापुर गांव के किसान सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि जंगलों में खडी धान व गन्ने की फसलों को नुकसान पहुंचा है। वही हरे चारे के खेतों में भी पानी भर गया है। रामनगर गांव के राजू प्रजापति ने बताया कि कल से पानी आना शुरू हुआ। रात भर पानी चढ़ता गया। इस सीजन का सबसे ज्यादा पानी आने से पूरा क्षेत्र जलमग्न हुआ है। उधर भाकियू के ब्लाक अध्यक्ष मोनू पंवार की शिकायत पर एसडीएम सदर निकिता शर्मा ने भी नायब तहसीलदार के साथ क्षेत्र का दौरा कर कर्मियों को अलर्ट किया गया।

सोलानी नदी पर बांध बनाये जाने की मांग नहीं हुई पूरी

पुरकाजी। प्रतिवर्ष बरसात में सोलानी नदी उत्तराखंड का पानी छोड़े जाने से बाढ की स्थिति पैदा होती रही है। खादर क्षेत्र के ग्रामीणों की मांग के बावजूद यूपी सीमा क्षेत्र में सोलानी नदी पर बांध बनाये जाने की मांग पूरी नही हो रही है। जबकि उत्तराखंड क्षेत्र में सोलानी नदी पर बांध कई वर्ष पूर्व बन चुका है, जिसके चलते प्रतिवर्ष खादर क्षेत्र के दर्जनों गांव के हजारों किसानों को भारी आर्थिक हानि एवं परेशानी उठानी पड़ रही है।

धूम्रपान के विज्ञापनों से दूर रहेंगे खिलाड़ी

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)। देश में हर तरह के विज्ञापन अखबार, टीवी, रेडियो, डीजिटल और भी कई जगह पर दिए जाते हैं, जिसमें हर तरह के प्रोडक्ट के लिए विज्ञापन दिया जाता है, जिसमें धूम्रपान संबंधित चीजों के विज्ञापन भी अकसर दिखाई देते हैं। धूम्रपान के विज्ञापनों में अब खिलाड़ी भी दिखाई देते हैं, जिस पर अब केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कड़ा कदम उठाया है, जिससे युवाओं में धूम्रपान की बढ़त को रोका जा सके। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बीसीसीआई को इस मामले में चिट्ठी लिखी, जिसमें खिलाड़ियों के शराब और तंबाकू संबंधित विज्ञापन पर रोक लगाने का अनुरोध किया गया हैं। केंद्र सरकार के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक ने चिट्ठी में कहा है कि बीसीसीआई खिलाड़ियों के तंबाकू और शराब से संबंधित उत्पादों के विज्ञापनों को रोकने के लिए कदम उठाए। इस चिट्ठी में खिलाड़ियों के धूम्रपान के विज्ञापनों को रोकने के लिए कुछ उपाय भी सुझाए गए। जिनमें तम्बाकू विरोधी हित घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करना शामिल है।

भाजपा समर्थक बताकर इमाम ने नहीं पढ़ाई किसान के जनाजे की नमाज

परिवार ने बताया सपा के दबंग हैं, पांच पर एफआईआर दर्ज

मुरादाबाद, 2 अगस्त (एजेंसी)। मुरादाबाद स्थित कुंदरकी की स्टेशन वाली मस्जिद के इमाम ने हार्टअटैक से जान गंवाने वाले किसान अलीदाद खान (75) को भाजपा समर्थक बताकर उनके जनाजे की नमाज पढ़ाने से इनकार कर दिया। किसान के बेटे की शिकायत पर डीएम ने एसडीएम को मौके पर भेजकर मामले की जांच कराई। इस मामले में इमाम मुफ्ती मोहम्मद राशिद और मस्जिद की कमेटी से जुड़े नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला कुंदरकी नगर के मोहल्ला कायस्थान का है। यहां के रहने वाले किसान दिलनवाज खान ने बताया कि 23 जुलाई को उनके पिता अलीदाद खान की हार्टअटैक से मौत हो गई थी। जिनके जनाजे की नमाज पढ़ाने के लिए स्टेशन वाली मस्जिद के पेश इमाम को वह बुलाने गए। दिलनवाज के मुताबिक, इमाम ने उनसे कहा कि उनके पिता भाजपा समर्थक हैं, उनका परिवार भाजपा को वोट देता है, हम तुम्हारे किसी काम में नहीं आएंगे। दिलनवाज का कहना है कि मजिस्द की कमेटी से जुड़े नगर पंचायत की पूर्व अध्यक्ष के पति असलम खां, शमीम खां, शराफत खां और मतीन खां निवासी मोहल्ला कायस्थान के कहने पर ही इमाम मुफ्ती मोहम्मद राशिद निवासी स्टेशन वाली मस्जिद ने जनाजे की नमाज नहीं पढ़ाई। आरोपियों ने भाजपा को वोट देने पर झूठे मुकदमे में भी फंसाने की धमकी दी। दिलनवाज का कहना है कि आरोपियों ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है। कस्बे में उसका परिवार अब अकेला है। उसकी तीन बहनें, पत्नी और दो छोटे बच्चे हैं जिससे परिवार समेत उसको जान का खतरा है क्योंकि यह लोग समाजवादी पार्टी के दबंग लोग हैं। स्टेशन वाली मस्जिद के इमाम मुफ्ती मोहम्मद राशिद ने जब किसान अलीदाद खान के जनाजे की नमाज नहीं पढ़ाई तो उनके बेटे दिलनवाज खान के साले ने जनाजे की नमाज पढ़ाई जिसके बाद शव को कब्रिस्तान में दफन किया गया। किसान अलीदाद खान के बेटे दिलनवाज खान ने भावुक होकर मीडिया को बताया कि उनके पिता भाजपा समर्थक रहे और भाजपा को ही वोट देते थे इसलिए उनके परिवार को आरोपी पक्ष के लोग गैर इस्लामिक ही मानते हैं। उन्हें समाज से अलग करने का प्रयास किया जा रहा है।

बीएसएफ के डीजी और स्पेशल डीजी दोनों एकसाथ हटाए गए

नई दिल्ली, 2 अगस्त (एजेंसी)। पाकिस्तान और बांग्लादेश से लगती भारत की सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालने वाले सुरक्षा बल बीएसएफ के डीजी और स्पेशल डीजी, दोनों को हटा दिया गया है। सरकार ने दोनों को तत्काल प्रभाव से उनके मूल कैडर में भेज दिया है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के डीजी नितिन अग्रवाल को कार्यकाल के बीच में ही यहां से हटाकर उनके मूल राज्य कैडर केरल वापस भेजने का आदेश दिया गया है। वहीं, बीएसएफ के स्पेशल डीजी वाईबी खुरानिया को भी तत्काल प्रभाव से उनके मूल राज्य कैडर भेजने का आदेश जारी किया गया है। शुक्रवार को जारी किए गए दोनों अलग-अलग आदेशों में बीएसएफ के डीजी नितिन अग्रवाल के बारे में बताया गया है कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने केरल कैडर के 1989 बैच के आईपीएस और बीएसएफ के डीजी अग्रवाल को तुरंत